इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

स्वस्तिक ऑफसेट & स्क्रीन प्रिंट
उत्कृष्ट एवं कलात्मक छपाई हेतु...
पता : बल्देव बाग, राजनांदगांव मो. 93004-14726

वर्ष- 43 अंक -279 राजनांदगांव, गुरूवार 29 अगस्त 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## ममता बोलीं- बंगाल जला तो बिहार-असम भी जलेंगे : आग दिल्ली तक पहुंचेगी, मोदी की कुर्सी गिरेगी; हिमंत बोले- हमें डराने की हिम्मत कैसे हुई ?

कोलकाता। कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर मामले में भाजपा के बंगाल बंद के दौरान हुए प्रदर्शन और आगजनी पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी पर राज्य में आग लगवाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर बंगाल में आग लगी तो असम से लेकर दिल्ली तक जाएगी और पीएम की कुर्सी गिर जाएगी। इसके जवाब में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने उन पर निशाना साधते हुए कहा कि आपकी असम को डराने की हिम्मत कैसे हुई?

वहीं, केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल के भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने ममता के बयान को लेकर गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है। इसमें उन्होंने कहा कि ऐसा बयान किसी संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति नहीं दे सकता है। यह राष्ट्र-विरोधी की आवाज है। ममता ने कोलकाता की एक रैली में कहा था कि कुछ लोगों को लगता है कि यह बांग्लादेश है। मुझे बांग्लादेश से प्यार है। वे हमारी तरह बात करते हैं और हमारी संस्कृति भी एक जैसी है, लेकिन याद रखिए कि बांग्लादेश अलग देश है और भारत अलग देश है। मोदी बाबू कोलकाता के रेप-मर्डर केस में अपनी पार्टी का इस्तेमाल करके बंगाल में आग लगवा रहे हैं। अगर आपने बंगाल को जलाया तो



असम, नॉर्थ-ईस्ट, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और दिल्ली भी जलेंगे। हम आपकी कुर्सी गिरा देंगे। ममता के इस बयान को लेकर सरमा ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि दीदी, आपकी हिम्मत कैसे हुई असम को धमकाने की हमें लाल आंखें मत दिखाइए। आपकी असफलता की राजनीति से भारत को जलाने की कोशिश भी मत कीजिए। आपको विभाजनकारी भाषा बोलना शोभा नहीं देता।

### असम के मंत्री बोले- जब तक राज्य में भाजपा सरकार है, ममता कुछ नहीं कर सकतीं

असम के जल संसाधन मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा कि ममता हमें न तो धमका सकती हैं, न डराने की कोशिश कर सकती हैं। वे अपने राज्य में कानून और व्यवस्था को नियंत्रित नहीं कर पा रही हैं और हमें धमकी दे रही हैं। मैं आपको यह विश्वास दिला सकता हूं कि यह असम में नहीं चलेगा। उन्होंने आगे कहा कि मैं ममता बनर्जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि वे बहुत वरिष्ठ नेता हैं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### कोलकाता रेप-मर्डर, राष्ट्रपति बोलीं- बस बहुत हुआ, मैं निराश और डरी हुई हूं, ऐसी घटनाओं को भूल जाना समाज की खराब आदत

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस के 20 दिन बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पहला बयान आया है। उन्होंने कहा, मैं घटना को लेकर निराश और डरी हुई हूं। अब बहुत हो चुका। समाज को ऐसी घटनाओं को भूलने की खराब आदत है। राष्ट्रपति मुर्मू ने 'विमेंस सेफ्टी-एनफ इज एनफ' नाम से एक आर्टिकल लिखा था, जिस पर उन्होंने मंगलवार को पीटीआई के एडिटर्स से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कोई भी सभ्य समाज अपनी बेटियों और बहनों पर इस तरह के अत्याचारों की इजाजत नहीं दे सकता।

## चंपई सोरेन ने जेएमएम के सभी पदों से दिया इस्तीफा, 30 अगस्त को होंगे भाजपा में शामिल



नई दिल्ली। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री चंपई सोरेन ने बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। भाजपा में शामिल होने की घोषणा कर चुके चंपई सोरेन ने झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन को लिखे गए पत्र में कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की वर्तमान कार्यशैली और नीतियों से विक्षुब्ध होकर वह पार्टी छोड़ने को विवश हैं।

उन्होंने हमेशा की तरह पत्र में शिबू सोरेन को 'गुरुजी' कहकर संबोधित किया है। उन्होंने लिखा है, अत्यंत ही दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि आप के मार्गदर्शन में जिस पार्टी का सपना हम जैसे कार्यकर्ताओं ने देखा था, एवं जिसके लिए हम लोगों ने जंगलों, पहाड़ों एवं गांवों की खाक छानी थी, आज पार्टी अपनी उस दिशा से भटक चुकी है। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मुझे इसे छोड़ना पड़ेगा। लेकिन पिछले कुछ दिनों के घटनाक्रम की वजह से मुझे बहुत ही पीड़ा के साथ यह कठिन निर्णय लेना पड़ा रहा है। उन्होंने शिबू सोरेन से पत्र में आगे कहा है कि आपके वर्तमान स्वास्थ्य की वजह से, आप सक्रिय राजनीति से दूर हैं, तथा आपके अलावा पार्टी में ऐसा कोई फोरम नहीं है, जहां हम अपनी मन की पीड़ा को बता सकें। इस वजह से, मैं झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता एवं सभी पदों से इस्तीफा दे रहा हूं। उन्होंने शिबू सोरेन का आभार जताते हुए लिखा है कि आपके मार्गदर्शन में, झारखंड आंदोलन के दौरान तथा उसके बाद भी, मुझे जीवन में बहुत कुछ सीखने का अवसर प्राप्त हुआ है। आप सदैव मेरे मार्गदर्शक बने रहेंगे।

बता दें कि 31 जनवरी को हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद चंपई सोरेन सीएम बनाए गए थे। फिर, करीब पांच महीने बाद जब हेमंत सोरेन जमानत मिलने पर जेल से बाहर आए तो उसके छठे दिन 4 जुलाई को ही चंपई सोरेन से सीएम पद से इस्तीफा ले लिया गया और हेमंत सोरेन ने फिर से सीएम पद की शपथ ली थी। हालांकि हेमंत सोरेन की सरकार में चंपई सोरेन मंत्री के रूप में शामिल हुए थे, लेकिन वे नाराज चल रहे थे। उन्होंने 18 अगस्त को सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर अपनी व्यथा जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि उनसे अपमानजनक तरीके से सीएम पद से इस्तीफा लिया गया। चंपई सोरेन 30 अगस्त को औपचारिक तौर पर रांची में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की बढ़ाई गई सुरक्षा, मोदी और शाह जैसा मिलेगा कवर



नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत की सुरक्षा अब और मजबूत हो गई है। अब मोहन भागवत की सुरक्षा जेड प्लस (जेड प्लस) से बढ़ाकर एडवांस सिक्योरिटी लाइजन कर दी गई है। संघ प्रमुख को पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जैसी सुरक्षा मिली है। दरअसल, संघ प्रमुख की सुरक्षा की समीक्षा के आधार पर यह फैसला लिया गया है कि उनकी सुरक्षा को और मजबूत किया जाए।

### गृह मंत्रालय ने लिया फैसला

गृह मंत्रालय ने समीक्षा बैठक के बाद ये फैसला लिया है। समीक्षा बैठक के दौरान पता लगा था कि गैर बीजेपी शासित राज्यों में मोहन भागवत की सुरक्षा में ढिलाई बरती गई। यह फैसला संभावित खतरे के बाद लिया गया है। संघ प्रमुख को अब तक जेड प्लस सुरक्षा मिली हुई थी, जिसमें सीआईएसएफ से अधिकारी और गार्ड शामिल थे। लेकिन अब इसे एएसएल लेवल तक किया जा रहा है। भागवत की सुरक्षा में अपडेट जानकारी सभी राज्यों को दे दी गई है।

### कार्यक्रम से पहले टीम करेगी निरीक्षण

एएसएल स्तर की सुरक्षा के अनुसार इसमें संबंधित पुलिस, जिला प्रशासन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'रेलवे देश की जीवन रेखा, इसे राजनीति का विषय न बनाएं', ट्रेन हादसों को लेकर अश्विनी वैष्णव की अपील

नई दिल्ली। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल दुर्घटनाओं को लेकर कहा कि राष्ट्रीय परिवहन को राजनीतिक दोषारोपण का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए, क्योंकि यह देश की जीवन रेखा है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कुछ घटनाओं में कुछ परेशान करने वाली स्थिति सामने आई हैं और रेलवे सभी घटनाओं की विस्तृत जांच कर रहा है।

### रेलवे और रक्षा को राजनीति से ऊपर होना चाहिए

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे पटरियों पर पत्थर और छड़ रखे जाने के कारण ट्रेनों के पटरी से उतरने की घटनाओं पर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा, कुछ घटनाओं में कुछ परेशान करने वाली प्रवृत्तियां हैं, जिन्हें गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इस मुद्दे पर उन्होंने आगे कहा कि रेलवे और रक्षा ऐसे संगठन हैं जिन्हें राजनीति से ऊपर होना चाहिए। मेरा मानना है कि रेलवे को राजनीतिक



दोषारोपण का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे देश की जीवन रेखा है और अगर कुछ भी नकारात्मक होता है, तो यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए कि ट्रेनें बहुत कुशल तरीके से चले।

### अगले पांच वर्षों में पूरी होंगी सभी स्वीकृत रेलवे परियोजना

वहीं एक अलग सवाल के जवाब में मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने पिछले एक साल के दौरान मौजूदा नेटवर्क में 5,300 किलोमीटर रेलवे लाइन जोड़ी है। दस साल पहले, रेलवे में निर्माण की औसत गति चार किलोमीटर प्रतिदिन थी। आज, यह 14.5 किलोमीटर प्रतिदिन है। उन्होंने कहा, सभी स्वीकृत रेलवे परियोजनाएं अगले पांच वर्षों में पूरी हो जाएंगी।

### सरकार ने तैयार किया एक भर्ती कैलेंडर- अश्विनी

जबकि रेलवे में भर्ती पर, मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर में रिक्तियों को भरने के लिए एक भर्ती कैलेंडर तैयार किया है। चार तिमाहियों को रोजगार की एक विशेष श्रेणी से जोड़ा गया है। पहली तिमाही - जनवरी से मार्च - लोको पायलटों की भर्ती के लिए निर्धारित की गई है, दूसरी तिमाही तकनीशियनों और जूनियर इंजीनियरों को काम पर रखने के लिए, तीसरी तिमाही गैर-तकनीकी कर्मचारियों की भर्ती के लिए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'युद्ध, नक्सलवाद से ज्यादा सड़क दुर्घटनाओं में गई लोगों की जान', गडकरी बोले- ड्राइवर बनता है बलि का बकरा



नई दिल्ली। भारत में युद्ध, उग्रवाद और नक्सलवाद से ज्यादा लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में गई है। सड़क परियोजनाओं की खराब विस्तृत परियोजना रिपोर्ट यानी डीपीआर के कारण ब्लैकस्पॉट की संख्या बढ़ रही है। यह कहना है केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का।

वे बुधवार को फिक्की रोड सेफ्टी अवॉर्ड्स और कॉन्क्लेव 2024 के छठे संस्करण को संबोधित कर रहे थे। गडकरी के अनुसार, भारत में हर साल पांच लाख दुर्घटनाएं होती हैं और 1.5 लाख लोगों की मौत हो जाती है, जबकि करीब तीन लाख लोग घायल होते हैं। इससे देश की जीडीपी को तीन प्रतिशत का नुकसान हुआ है।

### हाईवे के सुरक्षा ऑडिट की आवश्यकता पर जोर

गडकरी ने कहा कि बलि के बकरे की तरह हर दुर्घटना के लिए ड्राइवर को दोषी ठहराया जाता है। मैं आपको बता दूं और मैं बारीकी से देखता भी हूं, अक्सर सड़क इंजीनियरिंग में गलती होती है। केंद्रीय मंत्री ने सभी हाईवे का सुरक्षा ऑडिट कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राज्य खेल अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित होंगे प्रतिभावान खिलाड़ी, सीएम विष्णु देव साय करेंगे पुरस्कृत

रायपुर। राष्ट्रीय खेल दिवस पर गुरुवार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से खेल अलंकरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे।

पुरस्कार वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के लिए 97 पुरस्कारग्राही खिलाड़ियों को 76 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। वहीं पदक विजेता 502 खिलाड़ियों के बैंक खाते में 60.33 लाख रुपये अंतरित किए



जाएंगे। इस तरह खिलाड़ियों को कुल एक करोड़ 36 लाख 33 हजार रुपये दिए जाएंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा व खेल मंत्री टंकराम वर्मा शामिल होंगे।

### 2021-22 के लिए सम्मान

कार्यक्रम में वर्ष 2021-22 के लिए शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार से छह खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही शहीद कौशल यादव पुरस्कार से छह, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से दो, शहीद पंकज विक्रम सम्मान से 11, शहीद विनोद चौबे सम्मान से पांच और मुख्यमंत्री ट्राफी से 11 खिलाड़ियों का सम्मान होगा।

### 2022-23 के लिए सम्मान

वर्ष 2022-23 के लिए शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार से चार खिलाड़ी सम्मानित होंगे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## फिलहाल पाल सकेंगे तोते : छत्तीसगढ़ में वन विभाग ने तोते पालने पर लगाया प्रतिबंध वापस लिया



रायपुर। छत्तीसगढ़ में वन विभाग ने अपने एक आदेश को वापस ले लिया है। यह आदेश तोते और अन्य पालतू पक्षियों के संबंध में है। कहा गया है कि, फिलहाल तोते पालने पर छत्तीसगढ़ में कोई रोक नहीं है।

बुधवार को कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख छत्तीसगढ़ ने अपने 23 अगस्त को रायपुर जिला सहित प्रदेश में कानूनन संरक्षण पाए तोतों एवं अन्य पक्षियों के धडल्ले से बिक्री के संबंध में कार्यवाही के निर्देश जारी किए थे। अपने इसी आदेश में संशोधन करते हुए अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण) छत्तीसगढ़ अटल नगर, रायपुर ने सभी मुख्य वन संरक्षक एवं वनमण्डालधिकारी को पत्र भेजा है।

### केंद्रीय मंत्रालय से मार्गदर्शन मांगा जाएगा

भेजे गए पत्र के मुताबिक, प्रतिबंधित संरक्षण पाए गए वन पक्षियों की धड़ल्ले से हो रही बिक्री के संबंध में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 यथा संशोधित 2022 के तहत वर्तमान में हो रही खरीदी बिक्री पर प्रतिबंध हेतु आवश्यक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भिलाई में सीबीआई का छापा : बीएसपी के तत्कालीन डीजीएम और निजी कंपनी के पार्टनर के ठिकानों पर दबिश




रायपुर। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने ईपीआईएल, भिलाई के तत्कालीन डीजीएम और भिलाई स्थित एक निजी कंपनी के पार्टनर समेत दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आज दोनों आरोपियों के बिजनोर (यूपी) और भिलाई (छत्तीसगढ़) में आधिकारिक और आवासीय परिसरों की तलाशी ली जा रही है।

उन पर आरोप है कि, भिलाई स्टील प्लांट, भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ़ (स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के तहत) और मेसर्स इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड, (ईपीआईएल), (भारत सरकार का उद्यम) ने कच्चे माल की बढ़ोत्तरी के लिए 30 अप्रैल 2010 को एक अनुबंध किया था। जहां 5,50,82,27,000/- रुपये के अनुबंध मूल्य पर भिलाई स्टील प्लांट में नए ओएचपी, पार्ट (पैकेज-61) के साथ हैंडलिंग सुविधाएं। इसके परिणामस्वरूप, ईपीआईएल (विशेष रूप से स्टील और पावर के विभिन्न क्षेत्रों में परियोजनाओं के निष्पादन के लिए भारत सरकार की एक कंपनी) ने पीकेजी-061 के तहत सिविल निर्माण कार्यों के लिए कई एनआईटी (निविदा आमंत्रण नोटिस) जारी की और फर्म सहित कई कंपनियों/फर्मों को आमंत्रित किया। आरोपी साझेदार को अलग से 'पीकेजी-061' का सिविल निर्माण कार्य सौंपा गया था।

### 84,05,880 रुपये का गलत लाभ प्राप्त किया गया

इसके अलावा, साझेदार की निजी कंपनी ने जाली चालान के साथ जाली गेट मटेरियल एंट्री चालान, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

अशोका आई.टी.आई.
ASHOKA GROUP OF INSTITUTIONS RAJNANDGAON
NCVT-DGET नई दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
कोपा (Computer) 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स
स्टेनो 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स
इलेक्ट्रीशियन 10 वीं पास 2 वर्षीय कोर्स
वॉयरमैन 8 वीं पास 2 वर्षीय कोर्स
अशोका डिग्री कॉलेज
B.A. | B.COM | PGDCA
8319493983, 7000629783, 8602502398
ग्राम- तोरनकट्टा, मनकी पेट्रोल पंप के पास,जी.ई. रोड, पोस्ट- सोमनी, राजनांदगांव (छ.ग.)
ऑफिस: 99813-60623 | ashokaiti2019@gmail.com

## आरबीआई गवर्नर दास ने वित्तीय क्षेत्र के भविष्य के लिए रखीं पांच प्राथमिकताएं

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने देश की वित्तीय प्रणाली के सशक्त भविष्य के लिए बुधवार को पांच प्राथमिकताएं गिनायीं। आरबीआई गवर्नर ने सम्मेलन के मुख्य भाषण में इंडिया-100 के लिए, वित्तीय समावेशन, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, उपभोक्ता संरक्षण और साइबर सुरक्षा, सतत वित्त और वैश्विक स्तर के समन्वयएवं और सहयोग-इन पांच प्राथमिकताओं को अपनाए जाने पर बल दिया।



आज यहाँ ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2024 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा, भाविष्य की यात्रा प्रौद्योगिकी, विनियमन, भू-राजनीति और बढ़ती सामाजिक अपेक्षाओं में गतिशील बदलावों से भरी होने वाली है। आर्थिक मजबूती को बढ़ावा देने में भारतीय वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के सभी हितधारकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। जीएफएफ-2024 का आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी), विदेश मंत्रालय, वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस), आरबीआई और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफसीए) सहयोग से किया जाता है। इस सम्मेलन के आयोजनकमर्ताओं में पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई), नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) और फिनटेक कन्वर्जेंस काउंसिल (एफसीसी) शामिल हैं।

श्री दास ने कहा, भारत एक तेजी से उभरती हुई आर्थिक शक्ति है, जिसकी आबादी तकनीक के प्रति जागरूक है। भारत के वित्तीय क्षेत्र में फिनटेक क्षेत्र से प्रेरित उल्लेखनीय परिवर्तन हो रहे है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारत में स्थापित फिनटेक की संख्या लगभग 11,000 है, और पिछले दो वर्षों में ही फिनटेक क्षेत्र को लगभग छह अरब डॉलर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी



श्रीनगर। उत्तरी कश्मीर में जिला कुपवाड़ा के अंतर्गत नियंत्रण रेखा पर मौजूद खुशहाल चौकी के पास आतंकियों ने घुसपैठ का प्रयास किया गया है। ऐसी जानकारी है कि कुपवाड़ा में घुसपैठियों और सेना के जवानों के बीच मुठभेड़ भी जारी है।

गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में करीब एक महीने बाद विधानसभा चुनाव हैं। ऐसे में दहशतगर्दों ने अपनी नापाक हरकतों को एक बार फिर से अंजाम देना शुरू कर दिया है। खबर लिखे जाने तक सेना और दहशतगर्दों के बीच मुठभेड़ जारी है।

### जम्मू-कश्मीर में बढ़ गई हैं आतंकी वारदातें

9 जून को रियासी हमले के बाद से ही जम्मू और कश्मीर में आतंकी घटनाएं बढ़ गई हैं। उस दौरान शिवखोड़ी से आ रही एक बस को आतंकियों ने निशाना बनाया। इस आतंकी वारदात में 9 श्रद्धालुओं की जान गई थी, जबकि 41 श्रद्धालु (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# गंज सब्जी मंडी में आए दिन हो रही चोरियां...

**नाराज व्यापारियों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, सुरक्षा व्यवस्था सहित सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग**

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर स्थित गंज सब्जी मंडी में आए दिन हो रही चोरियां से त्रस्त व्यापारियों ने एस पी को ज्ञापन सौंप कर मंडी क्षेत्र में सुरक्षा की मांग की है।

बता दें कि दो दिन पहले अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर 10 बोरा प्याज की चोरी कर ली थी। इसके पहले भी चोरों ने दुकानों के शटर तोड़कर कर चोरियां की है। इससे वहां के व्यवसायियों में भय का माहौल बना हुआ है। सब्जी मंडी क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरियां से नाराज़ व्यवसायियों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर तथा ज्ञापन सौंपकर मंडी में सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ असामाजिक तत्वों व आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने व पुलिस गस्त की मांग की है।



### सीसी टीवी कैमरे की व्यवस्था नहीं

बता दें कि बसंतपुर सब्जी मंडी के विशाल प्रांगण में अनाजों की खरीदी कराने के साथ-साथ सब्जी फल-फूल व्यापारियों के लिए दुकानों की व्यवस्था कराई गई है। जहां करोड़ों का व्यवसाय होता है। प्रतिदिन यहां 100 टन से अधिक सब्जियां पहुंचती है। इसके बाद भी यहां सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है।

थोक सब्जी व फल व्यवसायी संजय तेजवानी ने बताया कि यहां थोक सब्जी मंडी में 50 से अधिक थोक दुकानें संचालित है। दिन भर मंडी गुलजार रहती है लेकिन शाम 4 बजे के बाद व्यापार बंद होते ही यहां सन्नाटा पसर जाता है। देर शाम, रात को देखरेख के लिए कोई खास व्यवस्था नहीं है। मात्र एक सुरक्षा गार्ड के भरोसे विशाल मंडी परिसर रहता है।शाम होते ही यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है। नजदीक ही मोहारा रोड में शराब भट्ठी होने के कारण यहां सूने पन का फायदा उठाकर यहां असामाजिक तत्वों द्वारा आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। इसके चलते यहां आए दिन चोरी की घटनाएं होती रहती है।

बीते दिनों रात में चोरों ने दुकान नंबर 19 से एक बोरा लहसुन की चोरी कर ली। वही एक दिन पहले एक दुकान का शटर तोड़कर 10 बोरा प्याज चोरी कर ले गए। व्यवसायियों ने बताया कि मंडी परिसर में कहीं भी सी सी टीवी कैमरा नहीं लगा है। इससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। जबकि व्यवसायियों द्वारा मंडी को पर्याप्त टैक्स दिया जाता है। लेकिन मंडी परिसर में सुरक्षा को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। यहां सुरक्षा के नाम पर यहां कुछ भी नहीं होने से व्यवसायियों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### एसपी को सौंपा गया ज्ञापन

सब्जी मंडी में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से आहत व्यवसायियों ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के नेतृत्व में एसपी को ज्ञापन सौंपा गया और मंडी में सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ असामाजिक तत्वों के रोकथाम की मांग की गई है, साथ ही रात में आए दिन होने वाली चोरी- बदमाशी पर नजर रखने के लिए मंडी प्रबंधन के माध्यम से सीसी टीवी कैमरे लगाए जाने की मांग की गई है।

इस दौरान चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री राजा माखीजा, आलोक बिंदल, संजय तेजवानी, व्यापारी संघ की ओर से अध्यक्ष शेख मोहम्मद, अजय जायसवाल, कन्हैया सेठ, प्रदीप जायसवाल, अक्कु भाई, अशोक सेठिया, दीपक सोनकर, राजेश समरित, चंदन जायसवाल सहित बड़ी संख्या में व्यवसायी जन उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य से सौजन्य भेंट



डोंगरगढ़ (दावा)। गत 22 अगस्त को राजनांदगांव प्रवास पर आये हुए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य चंद्रकांत तिवारी से राज्य कर्मचारी संघ जिला राजनांदगांव के कार्यकारिणी अध्यक्ष अभय श्रीवास्तव, जिला महामंत्री पंकज शुक्ला एवं उपाध्यक्ष सूचित मिश्रा ने मूल्यांकन व्यवस्था के विषय पर चर्चा की।

## सहारा इंडिया में निवेशकों की राशि वापसी के लिए दिया गया प्रशिक्षण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार सहारा इंडिया में आम नागरिकों द्वारा निवेश की गई राशि वापसी हेतु ऑनलाईन आवेदन के संबंध में जिले के लोक सेवा केन्द्र एवं सामान्य सेवा केन्द्र संचालकों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में ई-जिला प्रबंधक सौरभ मिश्रा द्वारा सहारा इंडिया के तहत जमाकर्ता द्वारा राशि वापसी के लिए ऑनलाईन वेबसाईट https://mocrefund.crcs.gov.in/depositor/#/home के माध्यम से आवेदन के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सहारा इंडिया में निवेश करने वाले आम नागरिकों को राशि वापसी के लिए ऑनलाईन आवेदन करते समय आधार कार्ड, आधार लिंक मोबाईल नंबर, ई-मेल आईडी, बैंक विवरण के साथ निवोश की गई राशि का बांड पेपर दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। ऑनलाईन आवेदन निवेशक स्वयं अथवा किसी भी सीएससी सेंटर के माध्यम से कर सकते हैं।

## पहला कॉलम...

### 'एक पेड़ माँ के नाम' तहत श्री सेवा समिति द्वारा पौधारोपण किया गया


राजनांदगांव (दावा)। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के माध्यम से स्टेडियम वार्ड नं 23 के सहदेव नगर अनुपम नगर नीलगिरि पार्क कालोनी गायत्री कॉलोनी में श्री सेवा समिति सहित वार्ड के अन्य सेवा समितियों के सहयोग से जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पौधारोपण किया गया। इस शुभ कार्य मे युवागण सहित मातृशक्ति का विशेष रूप से सहयोग प्राप्त हुआ। सेवा समिति समय समय पर धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का निर्वहन भी पूर्ण ऊर्जा से करती है। उक्त जानकारी वार्ड संयोजक पंकज कुरंजेकर ने प्रदान की।



### 31 अगस्त को मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के आदेशानुसार पयूषर्ण पर्व के प्रथम दिवस के उपलक्ष्य में 31 अगस्त दिन शनिवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना वसूल करे। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

### आज ध्यानचंद जयंती खेल दिवस के रूप में उत्साहपूर्वक मनाई जाएगी



राजनांदगांव (दावा)। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला हॉकी संघ एवं समस्त खेल संघ के संयुक्त तत्वधान में हॉकी के जादूगर स्व. मेजर ध्यानचंद जी की जयंती 29 अगस्त को खेल दिवस के रूप में नगर के खेल प्रेमियों द्वारा उत्साहपूर्वक मनाई जायेगी।

आज जयंती अवसर पर सुबह 7 बजे अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम से गौरव पथ स्थित ध्यानचंद की प्रतिमा स्थल तक खिलाड़ियों की रैली निकाली जाएगी। वहाँ पर मेजर ध्यानचंद सहित एरमेन बेस्टियन (ओलम्पियन) एवं आर.एन. पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया जाएगा। जयंती अवसर पर संगोष्ठी सभा आयोजित की गई है, इसके साथ ही राजनांदगांव ग्रीन व राजनांदगांव रेड हॉकी टीम के मध्य एक सद्भावना मैच भी खेला जाएगा। इस अवसर पर जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं जिला हॉकी संघ द्वारा सभी खेल प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की गई है।

# युक्तियुक्तकरण एवं ऑनलाईन अवकाश के विरोध में शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने सासंद संतोष पाण्डेय को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षक संघर्ष मोर्चा राजनांदगांव का प्रतिनिधि मंडल सासंद संतोष पाण्डेय से मुलाकात कर युक्तियुक्तकरण की विसंगतियों को दूर करने ज्ञापन सौंपकर मांग किया।

जिला संचालक छन्नूलाल साहू व रमेश साहू एवं अजय कड़व के नेतृत्व में राजनांदगांव के प्रतिनिधि मंडल ने जितेन्द्र हिरवानी, शैलेन्द्र साहू, जितेन्द्र देवांगन के साथ ही अन्य शिक्षकगण शामिल थे। सासंद महोदय ने प्रतिनिधि मंडल से बिन्दूवार युक्तियुक्तकरण की विसंगतियों पर विस्तार से चर्चा किया एवं समस्याओं के निराकरण के लिये अपनी ओर से प्रयास करने का आश्वासन दिया है।



शिक्षक मोर्चा के जिलाध्यक्ष छन्नूलाल साहू ने बताया कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षकों की संख्या को कम किया जा रहा है जिसमें 60 बच्चों पर केवल 2 शिक्षक प्रधान पाठक सहित का नियम लाया जा रहा है जिससे सरकारी स्कूल के पढ़ाई में शिक्षक की गुणवत्ता प्रभावित होने की प्रबल संभावना है क्योंकि शिक्षकों को साल भर किसी न किसी गैर शिक्षकीय कार्य में झोंक दिया जाता है। ऐसे स्थिति में एक शिक्षक पांच कक्षाओं के विद्यार्थियों का अध्यापन कैसे कराऐगा।

युक्तियुक्तकरण से कई स्कूलों को बंद किया जा रहा है जिससे शिक्षक एवं प्रधान पाठक के पद स्वमेव समाप्त हो जायेंगे। जिसके फलस्वरूप प्रशिक्षित डी.एड./बी.एड बेरोजगारों का शिक्षक बनने का सपना सपना ही रह जायेगा। एक ही परिसर में संचालित स्कूलों को मर्ज करने से प्रधान पाठक के पद समाप्त हो जायेंगे जिससे शिक्षण कार्य व्यवस्था चरमरा जायेगी।

# शहर की समस्याओं पर जोगी कांग्रेस ने घेरा निगम

**आयुक्त के ऑफिस के सामने रखा घमेला-रापा**



राजनांदगांव (दावा)। जनता कांग्रेस ने शहर की समस्याओं को लेकर आज जनता कांग्रेस जोगी के कार्यकर्ताओं ने किया नगर निगम आयुक्त कार्यालय का घेराव। इतना ही नहीं प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम आयुक्त, महापौर और निगम प्रशासन मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए। जनता कांग्रेस जोगी के जिला अध्यक्ष शमशुल आलम कार्यकर्ताओं के साथ नगर निगम राजनांदगांव पहुंचे। समसुल सिर पर धमेला और हाथ में फावड़ा लेकर नारेबाजी करते हुए पहुंचे। इधर प्रदर्शनकारियों को जवानों ने गेट पर ही रोक दिया। रोके जाने से खफा प्रदर्शनकारी और जवानों के बीच तू-तू, मैं-मैं भी हुई। प्रदर्शनकारी कमिश्नर अभिषेक गुप्ता को मौके पर बुलाने की जीद पर अड़े थे, लेकिन वे मीटिंग में थे और कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके ने प्रदर्शन कार्यों का ज्ञापन लिया। प्रदर्शनकारियों ने चंद रोज की मोहलत दी है और कहा कि इसके बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं होता है तो निगम आयुक्त के चेंबर में गाय लेकर छोड़ दिया जाएगा।

आपको बता दें कि आज के प्रदर्शनकारी ने चार बिंदुओं पर नगर निगम कार्यालय का घेराव किया था। प्रदर्शनकारियों की सबसे मुख्य मांगे सड़क की वर्तमान स्थिति है, क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का विधानसभा क्षेत्र होने के अनुसार सड़के उसके अनुसार नहीं है। इसके अलावा पीएम आवास की राशि जो लंबित है, वह हितग्राहियों को जल्दी मिले। ममता नगर से मोतीपुर अंडरब्रिज में जो बार-बार पानी भरता है उसे आम नागरिकों को दिक्कत होती है, उसमें सुधार किया जाए। शहर के शांति नगर में अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है, उस पर तत्काल रोक लगाई जाए और संबंधित दोषियों पर कार्रवाई हो। इसके अलावा शहर के सड़के गोकुल नगर का रूप ले चुकी है, क्योंकि हर सड़क पर मवेशियों का राज रहता है जिसके चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने इन बिंदुओं पर जल्द से जल्द एक्शन लेने की बात कही है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शमसुल आलम के साथ युवा अध्यक्ष बिलाल सोलिन खान, जिला महासचिव मिलाप बघेल, महासचिव नमन पटेल, जिला सचिव आकाश साहू, हर्षू सरदार, मजदूर संघ अध्यक्ष संदीप सूर्यवंशी, युवा प्रदेश सचिव रोशनायक, आकाश पटेल, चैन सिंह, चुरेंद्र देवांगन, भरत बांसोड़, ऋषभ रामटेके, सोमेश यादव, महेश मेश्राम, मुनेंद्र हिरवानी, आदि निषाद, मनोज पटेल, शेखर साहू, ज्योतिष, योगेंद्र निषाद, गोपाला ठाकुर आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक 4 सितम्बर को

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में 4 सितम्बर 2024 को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी राजस्व अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

## रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 30 अगस्त को

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 30 अगस्त 2024 को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। उप संचालक रोजगार श्री एसव्ही राजौरिया ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से फॉयर एण्ड सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट राम नगर सुपेला भिलाई द्वारा केवल पुरूष अभ्यर्थियों के लिए सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50, फॉयर मेन के 20, सिक्यूरिटी गार्ड के 150, हैवी लायसेंस ड्राईवर के 10 एवं महिला व पुरूष अभ्यर्थियों के लिए होम केयर टेकर सर्विसेस के 100 तथा एसआईएस इंडिया प्रायवेट लिमिटेड सिंगरौली मध्यप्रदेश द्वारा केवल पुरूष अभ्यर्थियों के लिए सिक्यूरिटी गार्ड के 360 व सिक्युरिटी सुपरवाईजर के 140 पदों पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक आवेदकों को शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो व रोजगार पंजीयन कार्ड लाना अनिवार्य हैं।

# लोहे का चाकू लेकर लोगों को डराने धमकान वाले के पुलिस ने धर दबोचा

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में लोहे के चाकू लेकर लोगो को डराने धमकाने वाले आरोपी को धरदबोचा है और उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्यवाही कर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है। बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने आरोपी का नाम रुपेश गेंड्रे पिता घनश्याम गेंड्रे (28साल) निवासी नंदई रोड कुंआ चौक के पास से लोहे के एक धारदार चाकू जब्त किया गया है।



बता दें कि थाना बसंतपुर प्रभारी सत्यनारायण देवांगन द्वारा टीम गठित कर लगातार थाना क्षेत्र मे भ्रमण किया जा रहा है। भ्रमण के दौरान मुखबीर के सूचना के आधार पर बुधवार 28 अगस्त को आरोपी रूपेश गेंड्रे उर्फ मोनु को नंदई रोड कुंआ चौक के पास रोड किनारे मे एक लोहे का धारदार चाकू से आने जाने वाले लोगों को डराते धमकाते हुए गिरफ्तार किया गया। और उसके विरूद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25,27 के तहत कार्यवाही कर उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी0 सत्यनारायण देवागन ,उप निरी प्रमोद श्रीवास्तव ,प्रधान आरक्षक दीपक जायसवाल,व आरक्षक 1527, की भूमिका सराहनीय रही.

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-5-7
669-1 268-6

राजधानी
1-4-7
233-8 479-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र.-202408291500011
शीर्ष अ-6 वर्ष 2023-24

क्रमांक 5305/वा. नजूल/2024
खैरागढ़, दिनांक 28/08/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक भवानी बहादुर पिता स्व. राजा शिवेन्द्र बहादुर निवासी लाल निवास डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला सिविल लाईन ब्लाक नं. 01 स्थित भूखण्ड क्रमांक 53 सम्मिलित भूखण्ड क्रमांक 54 रकबा क्रमशः 23580 वर्गफूट, एवं 650 वर्गफूट भूमि उनके पिता राजा शिवेन्द्र बहादुर के संयुक्त नाम पर दर्ज है जिसमें आवेदक के पिता राजा शिवेन्द्र बहादुर का फौत दिनांक 31.12.1999 को हो जाने के कारण उक्त वादभूमि पर विधिक वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वाद भूमि संबंधी रिकार्ड पर आवेदक के नाम पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति / आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28-08-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल न्यायालय अधिकारी**
**खैरागढ़-छुईखदान-गंडई**

**कार्यालय नगर पालिक निगम राजनांदगांव (छ.ग.)**

Tel/Fax No. 07744-404893, E-mail- nigamrajnandgaon@gmail.com

क्र. / 538 / राजस्व / न. पा. नि. / 2024-25 — राजनांदगांव, दिनांक 27/08/2024

**दावा-आपत्ति**

**एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निगम स्वामित्व की रेल्वे स्टेशन रोड सदर नाका दुकान क्रमांक 05 श्री हरजीत सिंह आ. सरदार स्व. बुद्ध सिंह निवासी गंज चौक राजनांदगांव के नाम पर आबंटित है। उक्त दुकान क्रं. 05 को आपसी सहमति के आधार पर श्री सुमीत शर्मा आ. स्व. कृष्ण गोपाल शर्मा निवासी पुराना बस स्टैण्ड भरकापारा राजनांदगांव के नाम पर नामांतरण किया जाना है। यदि किसी को किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति हो तो 30 दिवस के भीतर प्रमाणित दस्तावेज सहित कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात किसी प्रकार की दावा-आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।**

आ.क्र.- 85/जसं/2024

आयुक्त
नगर पालिक निगम राजनांदगांव

**श्री कृष्णा (एयरकुल) में**

रोजाना 4 खेलों में

समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

पारिवारिक गीत संगीत से भरपूर

**जवानी जिंदाबाद**

छत्तीसगढ़ी भाषा में

कलाकार - आकाश सोनी, सुमन पटनायक, लक्षित झांकी, ज्योत्सना, पुरन किरी, संजय महानंद, पुष्पेन्द्र सिंह, अंजनी चौहान आदि




आगामी ता. 30 से संघर्ष एक जंग

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com




**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं श्रीमती प्रीती पटेल (PRITI PATEL) ध.प. श्री दोलेश्वर पटेल, निवासी- ग्राम व पोष्ट बोरी तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की हूं।

मैंने अपना पुराना नाम एलविन पटेल (ALVIN PATEL) से परिवर्तित कर प्रीती पटेल (PRITI PATEL) रख ली हूँ, जिसकी सूचना के प्रकाशन छ.ग. के राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहती हूं।

अतः अब मुझे मेरे नये नाम श्रीमती प्रीती पटेल से जाना, पहचाना एवं संबोधित किया जावे। समस्त शासकीय व अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जाये। सूचना जाने।

भवदीय
**श्रीमती प्रीती पटेल**
**( PRITI PATEL )**
ध.प. श्री दोलेश्वर पटेल,
निवासी- ग्राम व पोष्ट बोरी,तहसील व जिला राजनांदगांव ( छ.ग. )

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पुत्र का नाम सहवाग देवांगन पिता मनीष कुमार देवांगन निवासी - बजरंगपुर नवागांव वार्ड नं. 02 शहर व तह. व जिला राजनांदगांव ( छ.ग. ) है।

उक्त नाम को परिवर्तित कर नया नाम सुदर्शन देवांगन पिता मनीष कुमार देवांगन निवासी- बजरंगपुर नवागांव वार्ड नं. 02 शहर, तह. व जिला-राजनांदगांव ( छ.ग. ) कर लिया है, जिसकी सूचना के प्रकाशन छ.ग. के राजपत्र में प्रकाशित है। अतः अब से मेरे पुत्र को नये नाम सुदर्शन देवांगन पिता मनीष कुमार देवांगन से जाना व पहचाना एवं संबोधित किया जावे। समस्त शासकीय व अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जाये। सूचना जाने।

भवदीय
**मनीष कुमार देवांगन**
पिता - सुदर्शन देवांगन
निवासी - बजरंगपुर नवागांव वार्ड नं. 02 शहर व तह. व जिला-राजनांदगांव ( छ.ग. )

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**धारा 6 (2) देखिये**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है, कि आवेदक कमलेश्वर दास मानिकपुरी आ. बलराम दास मानिकपुरी जाति-पनिका उम्र-39 वर्ष निवासी-वार्ड नंबर 10 स्टेशनपारा थाना-सिटी कोतवाली तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) एवं आवेदिका सुषमा बारले आ. दशरथ बारले जाति-सतनामी उम्र-26 वर्ष निवासी-ग्राम कोलिहापुरी पोस्ट-टप्पा तहसील व थाना-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) (पक्षकारों के नाम) से विशेष विवाह अधिनियम 1954 (क्रमांक-4 सन 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह के आवेदन पत्र पेश किया गया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारीख 23/09/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

जारी दिनांक-22/08/2024
पेशी दिनांक-23/09/2024

**अपर कलेक्टर**
**जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. 202408093800025
अ 20 (1) वर्ष 2023-24

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र सोनी आ. नरसू सोनी निवासी स्टेशनपारा राजनांदगांव द्वारा भूमिस्वामी हक में व्यवस्थापन से प्राप्त भूमि से लगी भूमि राजनांदगांव शहर स्थित मोहल्ला स्टेशनपारा के शीट क्रमांक 46ए भूखण्ड क्रमांक 20/1 क्षेत्रफल 2638.20 वर्गमीटर में से 18.12 वर्गमीटर भूमि का नजूल स्थायी प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त आवेदित भूखण्ड का आबंटन आवेदक के नाम पर किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 21/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक- 09/09/2024

**नजूल अधिकारी,**
**राजनांदगांव**

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया**
**मामले की श्रेणी- राजस्व**

संदर्भ - जिला- राजनांदगांय तहसील- छुरिया प.ह.नं.-00020 छुरियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- C G-2024-25-128-1-555

**ईश्तहार**

तहसील छुरिया के प.ह.नं. 00020 के अंतर्गत ग्राम छुरियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी HALIMA पिता / पति- KAMRUDDIN पता-WARD NUMBER-8 CHHURIYA, SHABNAM SHEKH पिता/पति- KAMRUDDIN SHEKH पत्ता- WARD NUMBER-8 CHHURIYA के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 505/24 (0.0182) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता JITENDRA KUMAR SAHU पिता / पति- KHUMAN DAS SAHU पता- GAINDATOLA के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/09/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार छुरिया पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनबाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/08/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार, तहसील-छुरिया**

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं. 202408092300019
अ/74-वर्ष 2023-24

एतद् सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मंटोरा पति ईश्वरलाल जाति कंवर निवासी ग्राम सहसपुर तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पुत्री मीना पिता ईश्वरलाल जाति कंवर का दिनांक 19.04.2007 में ग्राम सहसपुर में जन्म हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदिका द्वारा पुत्री मीना पिता ईश्वरलाल जाति कंवर का दिनांक 19.04.2007 में ग्राम पंचायत सहसपुर में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 30.08.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार, डोंगरगढ़**

# भाजपा की कार्यशाला में सदस्यता अभियान को लेकर दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

**विधानसभा में 50000 नए सदस्य बनाएगी भाजपा - खूबचंद पारख**



राजनंदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर 1 सितंबर से राष्ट्व्यापी सदस्यता अभियान का श्री गणेश करने जा रही है जिसके तहत प्रथम सदस्य के रूप में देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः सदस्यता प्रदान की जाएगी।

सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी सावन वर्मा ने बताया कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते सदस्यता अभियान को जमीनी स्तर पर पहुंचने के लिए युद्ध स्तर पर बैठकों एवं प्रशिक्षण का दौर शुरू हो चुका है इसी कड़ी में आज जिला भाजपा कार्यालय में दोपहर 3ः00 बजे से उत्तर एवं दक्षिण मंडल की संयुक्त बैठक संपन्न हुई जिसमें वरिष्ठ मार्गदर्शक के रूप में खूबचंद पारख का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

सर्वप्रथम बैठक का शुभारंभ भारतमाता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तेल चित्र पर दीप प्रजवन कर किया गया।

तत्पश्चात स्वागत भाषण दक्षिण मंडल के अध्यक्ष तरुण लहरवानी ने देते हुए बताया कि प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान में अपनी पूरी शक्ति लगाकर पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने के लिए जुड़ चुका है उन्होंने बताया कि प्रत्येक बूथ में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी से प्राप्त हुआ है एवं 30 तारीख तक शक्ति केंद्र स्तर पर बैठकों को संपन्न करना है।

मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वग्रही होना चाहिए अर्थात शहर का कोई भी हिस्सा या वार्ड सदस्य अभियान से अछूता नहीं रहना चाहिए प्रत्येक क्षेत्र में भाजपा के कार्यकर्ता लोगों को सदस्यता बनाने के लिए जुटेंगे। पारख ने बताया कि सदस्यता अभियान के माध्यम से भाजपा संगठन पर्व मना कर अपना विस्तार कर रही है जिसमें पुराने सदस्य तो दोबारा सदस्य बनेंगे ही लेकिन उनके साथ-साथ नए लोगों को भी बड़ी संख्या में सदस्य बनना है। बैठक में खूबचंद पारख ने पार्टी की नीति को स्पष्ट करते हुए बताया कि बाकी दल सिर्फ सत्ता प्राप्ति के लिए राजनीति करते हैं परंतु भारतीय जनता पार्टी देश हित मैं निर्णय लेकर देश को पुनः विश्व गुरु बनाने का लक्ष्य लेकर चलती है इसलिए भाजपा के कार्यकर्ता पार्टी राष्ट हित के लक्ष्य को लेकर गर्व के साथ भाजपा से जुड़े रहते हैं।

इसके पूर्व भाजपा सोशल मीडिया के माध्यम से स्क्रीन पर सदस्यता अभियान के बारे में तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया गया जिसके तहत मिस कॉल नमो और स्कैनर के माध्यम से सभी सदस्य अपनी सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं जहां पर फोन की दिक्कत होगी वहां फॉर्म से भी सदस्यता प्रदान की जाएगी साथ ही यह भी कार्यकर्ताओं को बताया गया कि जिनके पास स्मार्टफोन नहीं है वह अपने फोन से मिस कॉल देंगे उसके पास लिंक आएगा जिसे अन्य सदस्य के स्मार्टफोन में भेज कर वह अपनी सदस्यता ले सकते हैं।

### वैचारिक प्रतिबद्धता के बारे में अवश्य बताएं- राजेंद्र गोलछा

बैठक को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री राजेंद्र गोलछा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की तपस्या और त्याग के बल पर ही सबसे बड़ी पार्टी बनी है हम विचारधारा से समझौता नहीं करते धारा 370 खत्म करके हमने लाल चौक पर राष्ट्रीय ध्वज फैलाकर हमने अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता का परिचय दिया है इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की नीति चाल चरित्र के बारे में लोगों को बढ़ाकर उन्हें पार्टी से जोड़ें। वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने बताया की सदस्यता अभियान के लिए सांसदों, विधायकों और सभी प्रमुख नेताओं को सदस्यता अभियान का लक्ष्य पार्टी ने दिया है साथ ही उत्तर एवं दक्षिण मंडल को मिलाकर 25000 का लक्ष्य पार्टी ने प्रदान किया है, जिसे पूरा करना कार्यकर्ताओं की महती जवाबदारी है। आज की बैठक का सफल संचालन उत्तर मंडल के अध्यक्ष अतुल रायजादा ने किया एवं आभार प्रदर्शन सदस्यता अभियान प्रभारी सावन वर्मा ने किया।

बैठक में प्रमुख रूप से सुरेश भीमनान्नी, किशुन यदु, रवि सिन्हा, मुकेश बघेल, पूर्णिमा साहू, कचरू शर्मा, मूलचंद भंसाली, त्रिगुण टांक, बंटी लाल, हकीम खान, गोलू सूर्यवंशी, रूपचंद भीमनानी, देवशरण सेन, गोलू गुप्ता, सुधा पवार, मिथिलेश्वरी वैष्णव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दुर्गा मंच पालंदुर में जुआं खेलते हुए अनेक पकड़ाए

डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस ने रानी अवंती दुर्गा मंच पलांदुर में रूपये पैसे का दाव लगाकर ताश पत्ती से कट पत्ती नामक जुआ खेल रहे अनेक लोगों को रंगे हाथ पकड़ा। घटना स्थल पर रेड कार्यवाही करने पर कुछ जुआड़ी पुलिस को देखकर भाग गये। मौके पर चार जुआड़ी पकड़े गये।

पकड़े गए जुआड़ियों में बिसहत मंडावी पिता परदेशी मंडावी उम्र 55 साल, धनेश कुमार वर्मा पिता रघुनाथ वर्मा उम्र 38 साल, जितेन्द्र यादव पिता तीजू राम यादव उम्र 31 वर्ष, परेमू यादव पिता दीनदयाल यादव उम्र 50 साल सभी निवासी ग्राम पलांदुर का बताये।

जो रानी अवंती दुर्गा मंच आम जगह पर सफेद रंग की प्लास्टिक का बोरी बिछाकर जुआं खेलते रंगे हाथ पकड़े गये। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 13 जुआं अधिनियम, छग जुआ प्रतिषेध अधि. के धारा 03 का अपराध घटित करना पाये जाने से गिरफ्तार किया गया। मामला जमानतीय होने तथा सक्षम जमानतदार पेश होने पर मुचलका पर रिहा किया गया।

# सफाई व्यवस्था देखने एवं राजस्व डिमाण्ड दुरुस्त करने आयुक्त पहुचे शीर्ष वार्ड



राजनांदगांव (दावा)। शासन के निर्देशानुसार आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता सहित तकनीकी एवं स्वास्थ्य अधिकारी साफ सफाई दुरूस्त करने, निर्माण कार्य का जायजा लेने सुबह वार्डो में पहॅुच रहे है। इसके अलावा सही राजस्व वसूली के लिये भौतिक सत्यापन कर डिमाण्ड दुरूस्त भी किया जा रहा है। इसी कडी में आज आयुक्त के साथ निगम के अधिकारी शीर्ष वार्ड नवागांव क्षेत्र के वार्ड नं. 1 व 2 में जाकर साफ सफाई एवं राजस्व डिमाण्ड के लिये निरीक्षण किये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने वार्ड नं. 1 व 2 में सफाई व्यवस्था निरीक्षण कर नालियो एवं गलियो की सफाई करने निर्देशित किये, उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका रहती है, जिससे बचने लोगों को साफ सफाई रखने, कचरा डोर टू डोर गाडी में डालने समझाईस देवे। उन्होंने वार्ड नं. 1 ठेका वार्ड की हाजरी रजिस्टर की जॉच कर अनुपस्थित कर्मचारी की जानकारी लेकर लंबे समय से 4 कर्मचारी अनुपस्थित होने पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर कार्यवाही करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को दिये। साथ ही वार्ड नं. 2 निगम वार्ड में वार्ड प्रभारी द्वारा सफाई में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सफाई में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने दोनों वार्ड में राजस्व वसूली की संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक से जानकारी ली और डिमांड पंजी देख तकनीकि अधिकारियों के साथ मोबाईल एप के माध्यम से बड़े घरों का डिमाण्ड निकाल कुछ अंतर पाये जाने पर डिमाण्ड दुरूस्त करने राजस्व अधिकारी श्री अशोक देवांगन को निर्देशित किये। उन्होने कहा कि सही राजस्व वसूली के लिये सभी वार्डो में राजस्व प्रभारियों के साथ उप अभियंताओं की ड्यूटी लगायी गयी है, जिनके द्वारा मोबाईल एप के माध्यम से डिमाण्ड निकालकर नये सिरे से डिमाण्ड दुरूस्तीकरण की जा रही है। डिमाण्ड दुरूस्त हो जाने से वसूली बढ़ेगी जिससे शासन द्वारा वसूली के लिये निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगे।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, प्रभारी सहायक अभियंता दिलीप मरकाम व दीपक महला, उप अभियंता डागेश्वर कर्ष, प्र.स्वच्छता निरीक्षक भूषण मेश्राम, सहायक उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू तथा स्वास्थ्य व राजस्व अमला उपस्थित था।

# केंद्र के मोदी सरकार की एकीकृत पेंशन योजना शासकीय कर्मचारी के लिए ऐतिहासिक फैसला - राजेन्द्र गोलछा



**जिला भाजपा महामंत्री ने शासकीय कर्मचारियों को दी बधाई**

राजनांदगांव (दावा)। देश की समझदार जनता द्वारा तीसरी बार केंद्र में स्थापित की गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने एक दशक में कई हम बड़े फैसले किए हैं। उससे देश विश्व भर में सिरमौर बना हुआ है। जिससे भारत की साख बढ़ी है। यह कहते हुए जिला भाजपा महामंत्री राजेंद्र गोलछा ने केंद्र के मोदी सरकार के नए फैसले की ओर सबका ध्यान आकर्षित किया है। जिसमें देश भर के शासकीय कर्मचारियों को बड़ा फायदा मिलने वाला है। इस निर्णय के तहत न सिर्फ केंद्र सरकार के कर्मचारी लाभान्वित होंगे अपितु राज्य सरकार के भी कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। यह योजना एकीकृत पेंशन योजना के नाम से शासकीय कर्मचारियों को गदगद कर रही है।

श्री गोलछा ने सभी गवर्नमेंट अप्लाइज को बधाई देते हुए योजना के बारे में सब विस्तार बताया है। कि केंद्र सरकार ने पेंशन योजना को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इसमें नई पेंशन स्कीम की जगह सरकारी कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम का ऐलान किया गया है। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में इस योजना को लेकर सहमति बनी है। इस योजना के लागू होने से देश के लाखों सरकारी कर्मचारियों को लाभ होगा। 01 अप्रैल 2025 से लागू होगी। इसका फायदा 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को होगा। सरकार कर्मचारी के बेसिक सैलरी का 18 त्रकॉन्ट्रिब्यूट करेगी। न्यू पेंशन स्कीम में कर्मचारी को 10 प्रतिशत अपने मूल वेतन का जमा करना होता है। सरकार 14 प्रतिशत योगदान देती है। दस हजार रुपये न्यूनतम पेंशन मिलेगी यूनिफाइड पेंशन स्कीम के तहत अगर किसी कर्मचारी ने 25 साल तक काम किया है तो रिटायरमेंट के पहले जॉब के आखिरी 12 महीने के बेसिक का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलेगा। यदि किसी पेंशनभोगी की मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिवार को पेंशन का 60 त्र मिलेगा। वहीं, अगर कोई दस साल बाद जॉब छोड़ देता है तो उसे दस हजार रुपये पेंशन मिलेगी। कर्मचारियों के पास न्यू पेंशन स्कीम और यूनिफाइड पेंशन स्कीम में से किसी एक को चुनने का विकल्प होगा। यूपीएस के पांच स्तंभ है। 50 प्रतिशत पेंशन इस स्कीम का पहला पिलर है। दूसरा सुनिश्चित पारिवारिक पेंशन है। भारत की इकोनॉमी और केंद्र सरकार के बजट को समझने के लिए रिजर्व बैंक के साथ भी मीटिंग की गई। इसके बाद यूपीएस को लागू किया गया। इससे केंद्र पर वर्ष 2025-26 के दौरान ही 6250 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। चुनावी माहौल में इसे सरकार की ओर से बड़ा राजनीतिक मोहरा भी माना जा रहा है। यूक्रेन से यात्रा के बाद शनिवार दोपहर नई दिल्ली पहुंचे पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक देर शाम को हुई जिसमें यूनीफाइड पेंशन स्कीम के बारे में फैसला किया गया।

# हर्ष लोहिया अध्यक्ष एवं सूरज अग्रवाल कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित





**अग्रवाल नवयुवक मंडल का द्विवार्षिक चुनाव 2024-26**

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय अग्रवाल नवयुवक मंडल के द्वि वार्षिक चुनाव 2024-26 के लिए हर्ष लोहिया अध्यक्ष एवं सूरज अग्रवाल कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। अग्रवाल नवयुवक मंडल के चुनाव अधिकारी राजेश खोखरिया एवं राजेंद्र अग्रवाल ने दिनांक 29 अगस्त 2024 को नाम वापसी के पश्चात अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु सिंगल नाम होने के कारण अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु क्रमशः हर्ष लोहिया एवं सूरज अग्रवाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। उन्होंने जानकारी दी कि दोनों पद हेतु चार-चार नाम का आवेदन प्रस्तुत हुआ था, दोनों ही पद से तीन तीन नाम वापसी हो गए। हर्ष लोहिया एवं सूरज लोहिया के निर्विरोध निर्वाचन पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल, महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू दुर्गा खोखरिया एवं सचिव रीना राजेंद्र अग्रवाल, अग्रवाल नवयुवक मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष हर्षित अग्रवाल ने बधाई एवं अपनी शुभकामनाएं दी।

# चार बहनों ने मिलकर पिता को किया विदा



**मार्मिक दृश्य देखकर पूरा गांव रोया**

राजनांदगांव (दावा)। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओं शासन का नारा आज ग्राम भंवरमरा में सार्थक होता दिखा। जब वहां एक पिता के एक भी बेटे नहीं रहने पर उनकी चार बेटियों ने मिलकर कंधा दिया। यह मार्मिक दृश्य देखकर गांव के लोग अपने आंसू नहीं रोक पाए।

ज्ञातव्य है कि दिवंगत भुनेश्वर साहू द्वारा हमेशा ग्राम के किसी भी आयोजन में पूरा योगदान रहता था। खासकर मानस गान के आयोजन में भोजन व्यवस्था इनके ही जिम्मेदारी रहती थी। श्री साहू के भरापूरा परिवार में धर्मपत्नि श्रीमती गोमती साहू के अलावा चार पुत्री क्रमशः श्रीमती शशिकला, श्रीमती रामेश्वरी, श्रीमती बिंदु साहू, श्रीमती सुधा साहू हैं। इनके कोई पुत्र नहीं होने के कारण चारों बेटियों ने अपने पिता को कंधा देकर अंतिम बिदाई दी गई। बेटियों द्वारा अपने पिता की अर्थी को कंधे पर देखते हुए ग्रामीणों ने अपने आंसू नहीं रोक पाए। ग्राम भंवरमरा में बेटियों के द्वारा अपने पिता के अर्थी को कंधा देना पहली बार देखने को मिला है। इनके निधन पर स्थानीय श्री राम मानस मण्डली एवं ग्रामीणों द्वारा आर्थिक सहयोग किया जा रहा है। जो अनुकरणीय है। जिसे लेकर जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू और जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणि साहू सहित सभी पदाधिकारियों ने और समाज के लोगों ने सराहना की है।

# आज से उदयाचल महिला संगठन द्वारा सात दिवसीय एक्यूप्रेशर शिविर

राजनादगांव (दावा)। उदयाचल महिला संगठन द्वारा आयोजित सात दिवसीय एक्यूप्रेशर शिविर का आज, 29 अगस्त 2024 से आरंभ हुआ है और यह शिविर 4 सितंबर 2024 तक चलेगा। इस शिविर को लोगों का बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला है, जिससे पंजीयन की संख्या बढ़ाई गई है।

शिविर में घुटनों का दर्द, मोटापा, ब्लड प्रेशर, शुगर, सर्वाइकल दर्द, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, पुराना सिर दर्द, साइटिका, आंख, कान, नाक, गले के रोग, वेरीकोस वेन्स, लकवा, मस्सा, बवासीर, मानसिक तनाव, डिप्रेशन, और हाथ-पैरों में झुनझुनी जैसी समस्याओं का इलाज एक्यूप्रेशर पद्धति से किया जाएगा, और वह भी बिना किसी दवाई के। शिविर के समय इस प्रकार हैं- सुबहः 8:30 बजे से 12:30 बजे - दोपहरः 2 बजे से 6 बजे तक रहेगा।

इस सात दिवसीय शिविर का शुल्क केवल 100 रुपये रखा गया है। जानकारी के अनुसार, बालाघाट, महासमुंद, रायपुर, दुर्ग, भाटापारा, बागबाहरा, धमतरी, और भिलाई में इस प्रकार के सफल शिविर पहले भी आयोजित किए गए हैं। उदयाचल परिवार ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

इस शिविर में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान एक्यूप्रेशर तकनीक के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

एक्यूप्रेशर एक वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति है, जिसमें शरीर के विशेष बिंदुओं पर दबाव डालकर स्वास्थ्य समस्याओं का उपचार किया जाता है। इस शिविर में शामिल होने के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। जो विभिन्न समस्याओं से ग्रसित हैं, तो यह शिविर आपके लिए विशेष रूप से उपयोगी हो सकता है। यह जानकारी जनसंपर्क प्रभारी बालचंद पारख द्वारा दी गई है।

### अंजोरा सिंचाई जलाशय को लीज पट्टा हेतु 18 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले अंजोरा सिंचाई जलाशय को 10 वर्षीय लीज पट्टा पर प्रदान करने के लिए 18 सितम्बर 2024 तक आवेदन आमंत्रित की गई है। अंजोरा सिंचाई जलाशय को लीज पट्टा में प्राप्त करने के लिए इच्छुक समिति या समूह कार्यालय जनपद पंचायत राजनांदगांव में नियम एवं शर्तें की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में स्वचालित टिकट विक्रय मशीन सहायक (ATVM Facilitator) की नियुक्ति हेतु आवेदन सूचना**

**अधिसूचना क्रमांक:** जी27/138/एटीवीएम-एफ/16 दिनांक: 27.08.2023

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा नागपुर मंडल के निम्नलिखित 08 स्टेशनों पर **'स्वचालित टिकट विक्रय मशीन सहायक'** की नियुक्ति हेतु इच्छुक सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित करते हैं। सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों के अलावा आम जनता को भी फैसिलिटेटर के रूप में काम करने की अनुमति दी जाएगी। **'स्वचालित टिकट विक्रय मशीन सहायक'** के चयन में सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**◆ आमगांव ◆ बालाघाट ◆ तिरोड़ा ◆ चांदा फोर्ट ◆ डोंगरगढ़ ◆ कामठी ◆ तुमसर रोड ◆ गोंदिया ◆**

**सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी पात्रता / योग्यता**

1. आवेदक सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी होना चाहिए।

**आम जनता पात्रता / योग्यता**

1. आवेदक उस जिले का निवासी होना चाहिए जिस स्टेशन के लिए आवेदन कर रहा है।
2. आवेदक 18 वर्ष से कम आयु का नहीं होना चाहिए।
5. आवेदक कम से कम दसवीं उत्तीर्ण होना चाहिए।
4. आवेदक को स्थानीय पुलिस स्टेशन से उस के विरुद्ध कोई आपराधिक मामले लंबित नही है, इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।
5. आवेदक को सावधि जमा डिमांड ड्राफ्ट के रूप में वापसी योग्य आधार पर ₹ 25,000/- सुरक्षा राशि जमा करने के लिए तैयार रहना होगा।

**'स्वचालित टिकट विक्रय मशीन-सहायक' की चयन प्रक्रिया:**

- आवेदक द्वारा एक स्टेशन के लिए केवल एक ही किया गया आवेदन स्वीकार किया जाएगा।
- आवेदक से एक स्टेशन के लिए केवल एक ही मशीन का आवेदन स्वीकार किया जाएगा।
- एक स्टेशन के लिए एक से अधिक पात्र आवेदक होने पर 'स्वचालित टिकट विक्रय मशीन सहायक' का चयन लॉटरी प्रक्रिया के आधार पर किया जाएगा।

शर्तें एवं निबंधन युक्त आवेदन प्रपत्र मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर के कार्यालय में दिनांक **30.08.2024** से **13.09.2024** तक सुबह **10:30** बजे से दोपहर **15:00** बजे के मध्य किसी भी कार्यालयीन दिन में प्राप्त किया जा सकता है। भरे हुए आवेदन पत्र संलग्नकों सहित मुहरबंद लिफाफे में (जिस पर जिस स्टेशन हेतु आवेदन किया गया है तथा स्वयं का नाम, पता व दूरभाष नंबर लिखा हो) मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर के कार्यालय में मुहरबन्द डिब्बे में डाले जाएं।

**आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक **13.09.2024** के **15.00** बजे तक है।

**आवेदन बॉक्स खोलने की तिथि और समय:** दिनांक **13.09.2024** को **15.00** बजे।

कोई भी कारण प्रस्तुत किए बगैर कोई भी या सभी आवेदनों को अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार केवल रेलवे प्रशासन के पास सुरक्षित है।

**कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

**भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से**

PC/17/93

स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर


# रेंगाकठेरा एवं झिटिया में कृष्ण जन्माष्टमी में शामिल हुवे मधुसूदन यादव



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। विकासखण्ड के ग्राम झिटिया में यादव समाज के द्वारा आयोजित कृष्ण जन्माष्टमी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मधुसूदन यादव पूर्व सांसद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा उपस्थित रहे। यादव समाज के तीरथ यादव सोहन यादव, श्रीमती किरण यादव, मनेश सहारे, चतुर निषाद एवं समाज के महिला पुरुष ने मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया, मधुसूदन यादव ने अपने सम्बोधन में कहा, की प्रतिवर्ष कृष्ण जन्माष्टमी मनाने एवं समाज को संगठित करना अच्छी बात है,लेकिन समाज के लोगो को समाज की उन्नति के लिए, शिक्षा, स्वास्थ एव उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के प्रयास किये जाने चाहिए।

इसके पश्चात विकाशखण्ड के ग्राम रेंगाकठेरा में कृष्ण जन्माष्टमी समारोह में शामिल हुवे समाज के लोगो के द्वारा एवं ग्रामीणो के द्वारा जोशीला स्वागत किया गया, तथा जय यादव, जय माधव के नारे से पूरा सभा स्थल गूंज गया।

इस अमरोहा में सोन सिंग यादव अध्यक्ष सर्किल यादव समाज,जय प्रकाश यादव जिला अध्यक्ष यादव समाज, छन्नू साहू, लक्षण निषाद, संतराम यादव, अगनु निषाद, सूरज साहू, संतराम साहू, पुनऊ राम फुलकौरे, बरातू साहू ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर दिलीप वर्मा जिला महामंत्री, गुलाब गोस्वामी मंडल अध्यक्ष, अरुण यादव जिला पंचायत सदस्य, ढालसिंह कौशिक, राजेश सिंगी, भारत भूषण राजपूत, देवनारायण कुम्भकार, विमल यादव, गौरव शर्मा, अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रेंगाकठेरा सर्किल के 32 गांव के यादव समाज के महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# श्री दासी श्याम प्रभु की निकली भव्य शोभायात्रा



राजनांदगांव (दावा) शहर में श्री दासी श्याम प्रभु की रजत जयंती वर्ष पर धूम धाम के साथ तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कड़ी में गुरुवार शाम रामाधीन मार्ग श्यामकुटी से श्री दासी श्याम प्रभु की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसका धूमधाम के साथ नगर भ्रमण किया गया जिसमें श्री दासी श्याम प्रभु के भक्तजन झूमते नाचते नजर आए। श्री दासी श्याम प्रभु के भक्त राजेश अग्रवाल ने बताया कि श्री दासी श्याम प्रभु की भव्य शोभायात्रा धूमधाम के साथ नगर भ्रमण करते हुए शक्ति धाम स्टेशन पारा पहुंची जहां भव्य पूजा आरती के बाद में प्रसादी वितरित किया गया।

## अनमोल दावा

> जिस प्रकार अग्नि स्वर्ण को परखती है, उसी प्रकार संकट वीर पुरुषों को।

## खतरे में हैं फुटपाथों पर सोने वाले लोगों की जिंदगियां

दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में फुटपाथ पर सो रहे लोगों के ऊपर एक बेकाबू ट्रक के चढ़ जाने की घटना इसकी ताजा कड़ी है।

महानगरों की सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि वे हर आदमी को ठिकाना मयस्सर नहीं करा पाते। वहां लोगों को गुजारे का कोई जरिया भले मिल जाए, पर हर किसी को सिर पर छत नसीब नहीं हो पाती। लाखों लोग दिन भर दिहाड़ी करके, रिक्शा-रेहड़ी-ठेला खींच कर या भीख मांग कर किसी तरह गुजारे भर की आमद तो कर लेते हैं, पर रात गुजारने के लिए उन्हें फुटपाथों पर खुले आसमान या उपरिगामी पुलों के नीचे, खाली बंद दुकानों के बाहर कोई जगह तलाशनी पड़ती है।इस तरह इन्हें मौसम की मार तो झेलनी ही पड़ती है, अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के नीचे आकर दम तोड़ देने या अपंग होने का खतरा भी बना रहता है। दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में फुटपाथ पर सो रहे लोगों के ऊपर एक बेकाबू ट्रक के चढ़ जाने की घटना इसकी ताजा कड़ी है। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो को गंभीर स्थिति में भर्ती कराना पड़ा। ऐसे हादसों की खबरें कुछ-कुछ समय पर हर महानगर से मिल जाती हैं। हर घटना के बाद सवाल उठता है कि आखिर इस तरह सड़कों के किनारे, फुटपाथों पर सोने वालों के लिए कोई सुरक्षित इंतजाम क्यों नहीं किया जाता।

हालांकि अनियंत्रित वाहनों के सड़कों के बीच की जगहों और फुटपाथों पर चढ़ने से रोकने की गरज से बहुत सारी जगहों पर लोहे की मजबूत बाड़ लगाई जाती है, मगर बहुत सारी जगहों पर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई आदि शहरों में सड़कों पर रात में भी आवाजाही लगी रहती है। रात के वक्त शहरों की सड़कें खासकर माल ढुलाई वाले वाहनों के लिए खोल दी जाती हैं। इसके अलावा, बहुत सारे युवा देर रात को शराब पीकर वाहन दौड़ाना अपनी शान समझते हैं। वाहनों के अनियंत्रित होकर फुटपाथों पर चढ़ जाने की घटनाएं अक्सर शराब के नशे में गाड़ी चलाने की वजह से होती पाई गई हैं।

हालांकि दिल्ली में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाती है, इसके बावजूद बहुत सारे वाहन चालकों की मनमानी पर लगाम लगाना कठिन बना हुआ है। देर रात को उनकी मनमानी और बढ़ जाती है। इससे यातायात व्यवस्था पर तो प्रश्नचिह्न लगता ही है, रोजी-रोजगार की तलाश में हर वर्ष लाखों की संख्या में आने वाले लोगों के लिए रहने की व्यवस्था पर भी गंभीरता से विचार की जरूरत रेखांकित होती है।

अनेक मौकों पर यह बात कही जाती रही है कि बढ़ते पलायन और महानगरों पर उसके बढ़ते बोझ की वजह से सरकारों के लिए बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना चुनौती है। इसके समाधान की दिशा में गंभीरता से सोचने की जरूरत है। मगर न तो सरकारों ने रोजी-रोजगार के साधनों के विकेंद्रीकरण पर गंभीरता से विचार किया, न महानगरों में सबके रहने के ठिकाने उपलब्ध कराने की व्यावहारिक पहल हो पाई। दिल्ली में रैन बसेरे बनाए तो गए, मगर उनकी क्षमता इतनी नहीं है कि लोगों को फुटपाथों पर सोने को मजबूर न होना पड़े।

उनमें भी जरूरी सुविधाओं के अभाव की शिकायतें आती रहती हैं। दरअसल, महानगरों में बेआसरा लोगों के बारे में कोई व्यावहारिक नीति बनाने के बारे में सोचा ही नहीं गया। अगर जगह-जगह, थोड़े शुल्क के साथ भी, धर्मशाला जैसी रात गुजारने की जगहें बना दी जाएं, तो लोगों के जिंदगी जोखिम में डाल कर फुटपाथ पर सोने से काफी हद तक निजात दिलाई जा सकती है।

# बीजेपी ने कंगना से क्यों किया किनारा, क्या होगा इसका असर?



**चंदन कुमार जजवाड़े**

हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से बीजेपी की सांसद कंगना रनौत राजनीति में नई हैं लेकिन विवादों से उनका पुराना रिश्ता रहा है.कंगना मुंबई फ़िल्म इंडस्ट्री पर बोलती हैं, तब भी विवाद होता रहा है और राजनीति पर बोलना शुरू किया तब भी विवाद होने लगा. कई बार उनकी टिप्पणियां, उनके लिए ही मुश्किलें खड़ी कर देती हैं.इसी साल जून महीने में मोहाली एयरपोर्ट पर सीआईएसफ़ की महिला कॉन्स्टेबल ने कंगना रनौत को थप्पड़ा मारा था.कुलविंदर कौर नाम की महिला कॉन्स्टेबल का कहना था कि कंगना ने किसान आंदोलन के दौरान जो बयान दिया था उससे वो नाराज़ थीं. इस घटना के बाद सीआईएसएफ़ ने कुलविंदर कौर को निलंबित कर दिया था.

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने कंगना के बयान के विरोध में एक निंदा प्रस्ताव पास किया तो आम आदमी पार्टी ने हरियाणा के कई शहरों में विरोध-प्रदर्शन किया.कंगना को लगता है कि बॉलीवुड में भाई भतीजावाद है और भारत की राजनीति नरेंद्र मोदी के पीएम बनने से पहले सही राह पर नहीं थी.साल 2021 में एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में कंगना रनौत ने कहा था, भारत को साल 1947 में भीख में आज़ादी मिली थी और देश को असली आज़ादी साल 2014 में मिली। कंगना कहना चाह रही थीं कि 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तब भारत को असली आज़ादी मिली.कंगना को थप्पड़ मारे जाने के बाद सोशल मीडिया पर काफ़ी बहस शुरू हो गई थी.जानी-मानी शूटर हिना सिद्धू ने ट्वीट कर कहा था, किसी की भावना आहत हुई थी और उसने थप्पड़ मार दिया, इसका मतलब यह नहीं है कि राज्य पूरी तरह से आतंकवाद और हिंसा की चपेट में है. 100-100 रुपए वाले ट्वीट की तरह थप्पड़ मारना भी अतिउत्साह या आवेग भरी हरकत है. दुखद है कि वह ट्वीट कइयों को गुस्सा दिलाने वाला था, जिसमें मैं भी शामिल थी लेकिन उसे डिलीट कर दिया गया. लेकिन उस महिला कॉन्स्टेबल का किया सबके सामने है. अच्छा होता कि वह बिना हाथ उठाए उनका सामना करतीं.हिना सिद्धू को खेल का प्रतिष्ठित सम्मान अर्जुन अवॉर्ड भी मिला है.सांसद बनने से पहले भी कंगना रनौत किसान आंदोलन पर विवादित टिप्पणी कर चुकी हैं.कंगना ने दो महिला प्रदर्शनकारियों की तस्वीरों के साथ ट्वीट किया था, हा हा. ये वही दादी हैं, जिन्हें टाइम मैगज़ीन की 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की लिस्ट में शामिल किया गया था....और ये 100 रुपये में उपलब्ध हैं.हालांकि कंगना ने बाद में यह ट्वीट डिलीट कर दिया था.सांसद बनने के बाद भी कंगना कभी राहुल गांधी पर विवादित टिप्पणी करती दिखती हैं तो कभी शंकराचार्य पर सवाल उठाती हैं.

लेकिन यह पहली बार है, जब बीजेपी ने कंगना के बयान से खुद को अलग किया और कहा कि वह पार्टी की तरफ़ से राय रखने के लिए अधिकृत नहीं हैं. कंगना रनौत ने एक इंटरव्यू में बांग्लादेश में हाल में हुए आंदोलन और सत्ता परिवर्तन को भारत के किसान आंदोलन से जोड़ा और कहा, यहाँ पर जो किसान आंदोलन हुए, वहाँ पर लाशें लटकी थीं, वहाँ रेप हो रहे थे... किसानों की बड़ी लंबी प्लानिंग थी, जैसे बांग्लादेश में हुआ. इस तरह के षडयंत्र... आपको क्या लगता है किसानों...? चीन, अमेरिका... इस इस तरह की विदेशी शक्तियाँ यहां काम कर रही हैं.कंगना ने न केवल किसान आंदोलन पर सवाल खड़े किए बल्कि दूसरे देशों पर भी टिप्पणी कर दी.

फिर क्या था... कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने कंगना और बीजेपी पर हमला शुरू कर दिया. कंगना का बयान ऐसे समय में आया, जब हरियाणा में विधानसभा चुनाव भी होने हैं. हरियाणा के किसान आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे थे.चुनावी राजनीति पर पारखी निगाह रखने वाले सीएसडीएस के प्रोफ़ेसर संजय कुमार कहते हैं, कंगना ने जो बयान दिया है, उसे कोई भी पार्टी स्वीकार नहीं कर सकती है. हरियाणा में बीजेपी ऐसे ही कमज़ोर हालत में है और वो कोई अतिरिक्त जोख़िम नहीं उठा सकती है.बीजेपी ने कंगना के बयान पर कहा है, बीजेपी कंगना रनौत के बयान से असहमति व्यक्त करती है. पार्टी की ओर से, पार्टी के नीतिगत विषयों पर बोलने के लिए कंगना रनौत को न तो अनुमति है और न ही वे बयान देने के लिए अधिकृत हैं.बीजेपी ने कहा, भारतीय जनता पार्टी की ओर से कंगना रनौत को निर्देशित किया गया है कि वे इस प्रकार के कोई बयान भविष्य में न दें.

बीजेपी के मीडिया विभाग ने इस मुद्दे पर एक प्रेस रिलीज़ भी जारी की. हालाँकि बीजेपी केंद्रीय कार्यालय की तरफ़ से जारी इस रिलीज़ में पार्टी से किसी पदाधिकारी का हस्ताक्षर या नाम नहीं है. राजनीतिक विश्लेषक अभय कुमार दुबे कहते हैं, बीजेपी तमाम मामलों में दुविधा में रहती है. कंगना रनौत बीजेपी आलाकमान की चहेती हैं, वरना उनको टिकट क्यों दिया जाता. कंगना ने बीजेपी का नुक़सान तो कर दिया लेकिन पार्टी उसको न्यूनतम करना चाहती है, इसलिए चेतावनी भी दे दी है.

कंगना के बयान पर बीजेपी की जो प्रतिक्रिया आई वो समाचार एजेंसियों और पत्रकारों के ज़रिए आई.इसे बीजेपी ने अपने आधिकारिक अकाउंट से शेयर नहीं किया था. प्रोफ़ेसर संजय कुमार कहते हैं, यह बीजेपी के सेफ़ गेम खेलने का तरीक़ा नज़र आता है. उसने चेतावनी भी दे दी और अगर इससे बचना हो तो बच भी सकते हैं. यानी चित भी मेरी पट भी मेरी.इस मामले पर हमने हिमाचल प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष राजीव बिंदल से बात करने की कोशिश की.उन्होंने केवल इतना कहा कि कंगना के मामले पर जो कहना था वो केंद्रीय यूनिट कह चुकी है.हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार शशिकांत कहते हैं, कंगना ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि बीजेपी के समय में भी राज्य में भ्रष्टाचार था, लेकिन इतना नहीं था. इससे वहाँ खड़े पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी असहज हो गए थे.शशिकांत का मानना है कि कंगना रनौत बोलने से पहले सोचती नहीं हैं. शशिकांत के मुताबिक़, माना जाता है कि कई दावेदारों को छोड़कर कंगना रनौत को खुद केंद्रीय नेतृत्व ने लोकसभा चुनाव का टिकट दिलवाया था, इसलिए उनके ख़िलाफ़ कोई खुलकर नहीं बोल पाता है. सबको लगता है कि कंगना का क़द बहुत बड़ा है.शशिकांत बताते हैं कि कंगना रनौत मंडी से ही ताल्लुक रखती हैं और उन्हें राज्य में पार्टी के भविष्य के तौर पर देखा जा रहा था. हालाँकि राजनीति में उनकी शुरुआत बताती है कि जैसा सोचा जा रहा था, वैसा नहीं है.फ़िल्मी सितारों के लिए फिलहाल बीजेपी सबसे पसंदीदा पार्टी नज़र आती है. कई फ़िल्मी सितारों ने राजनीति में आने के लिए बीजेपी का दामन थामा है. हालाँकि इनमें से कई चेहरे बीजेपी के साथ राजनीति में लंबी पारी नहीं खेल पाए.

कंगना से पहले शत्रुघ्न सिंहा, धर्मेंद्र, विनोद खन्ना, सन्नी देओल, परेश रावल, रवि किशन, किरण खेर और बाबुल सुप्रियो जैसे कई लोग बीजेपी के साथ जुड़ चुके हैं.शत्रुघ्न सिंहा और बाबुल सुप्रियो पार्टी छोड़ चुके हैं. सन्नी देओल साल 2019 में पंजाब के गुरुदासपुर से बीजेपी के टिकट पर सांसद बने थे. लेकिन बाद में उन पर इलाक़े से गायब रहने का आरोप लगा. उन्होंने सक्रिय राजनीति छोड़ दी.यही हाल साल 2004 में राजस्थान की बीकानेर सीट से चुनाव जीतने वाले धर्मेंद्र का हुआ और परेश रावल भी सक्रिय राजनीति से अलग दिखते हैं.हालाँकि अभी भी पार्टी में हेमा मालिनी और अरूण गोविल, किरण खेर जैसे चेहरे हैं जो मुंबई फ़िल्म इंडस्ट्री से आए हैं. इसके अलावा क्षेत्रीय फ़िल्मों के भी कई जाने पहचाने नाम बीजेपी से जुड़े हुए हैं.ग

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 243 : श्री राम ने लक्ष्मण जी से कहा, भरत के आने तक तुम्हें ही माता-पिता का ध्यान रखना है

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



मुस्कुराते हुए श्री राम ने कहा, ''कितनी दूर की और वह भी वृथा सोच रहे हो लक्ष्मण? क्या हम चारों भाइयों में कोई भेद है या क्या तुम ऐसा सोच सकते हो कि आवश्यकता होने पर भरत मेरी सहायता नहीं करेगा और मैं भरत को मंझधार में छोड़ दूंगा?''

लक्ष्मण जी ने उत्तर दिया, ''मैं ऐसा सोच भी नहीं सकता हूं भैया! हम चारों भाई चाहे एक साथ रहें या परिस्थितिवश अलग-अलग रहें, लेकिन हैं एक ही। मैं 14 वर्षों के लिए आपके अयोध्या में नहीं रहने की कल्पना से व्याकुल हूं। जब आप यहां से वन के लिए प्रस्थान करेंगे तो सिर्फ मेरी ही नहीं बल्कि अयोध्या के प्रत्येक प्राणी की क्या स्थिति होगी, यह आप स्वयं समझ सकते हैं।यह समस्त प्रजा के लिए अपमान और क्षोभजनक स्थिति है कि बिना कोई स्पष्ट आदेश जारी हुए आपसे वन प्रस्थान के लिए कहा गया है। जिस तरह से अभिषेक का निर्णय मंत्री परिषद की सम्मति से हुआ, इस निर्णय को बदलने के लिए भी उनकी राय क्यों नहीं ली गई? मैं केवल इस निर्णय की गहराई में जाना चाहता हूं कि ऐसे अप्रिय और राज्य विरोधी निर्णय का आधार क्या है?''


श्री राम ने अपने अनुज को समझाते हुए कहा, ''माता की स्थिति देख रहे हो लक्ष्मण! तुम्हें रुककर इन्हें समझाने की आवश्यकता है और यह समय मेरे प्रस्थान का है।भरत और शत्रुघ्न की अनुपस्थिति में तुम्हें ही पिता महाराज और माताओं का ध्यान रखना है। अगर तुम्हारे मन में इसी तरह असंतोष और दुविधा की स्थिति बनी रही तो फिर अयोध्या राज्य का आगे क्या होगा? तुम स्वयं बुद्धिमान और वीर हो। आपात स्थिति में राजा को बिना मंत्री परिषद की बैठक बुलाए भी कोई निर्णय लेने का अधिकार है और फिर राज्य सर्वोपरि है। एक व्यक्ति के राज्य से बाहर जाने की स्थिति को राज्य के प्रतिकूल कैसे माना जा सकता है? अब तुम भी यहां से प्रस्थान करो और अभिषेक कार्यक्रम को भरत के आने तक स्थगित रखने के कार्य में सुमंत जी की सहायता करो।''

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

### शब्द सामर्थ्य -161 (भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**
1. हदर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 160 का हल**



### सू- दोकू क्र.161

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.160 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## सामयिक चर्चा

### सबसे बड़ा नशा है यार! अहंकार

खैरागढ़ विकासखण्ड के
ग्राम मुढीपार स्थित
हायर सेकेडरी स्कूल की
खबर पढ़कर
बानी बोले- ''सुनिए गजाधर!
विज्ञान-शिक्षिका का,
बच्चों के साथ दुर्व्यवहार,
और फेल करने की धमकी से
आक्रोशित स्कूली छात्राओं ने
प्रशासन के समक्ष,
न्याय की गुहार लगाई।
तो आज आपकी
इस पर प्रतिक्रिया गजाधर भाई!''
गजाधर मुस्कराए, बोले-''देखो,
चाहे शिक्षिका हो या शिक्षक,
नेता हो या अफसर,
इनमें से बहुतों को,
कुर्सी मिलते ही यार!
अपने आप अहंकार।
और बानी! ध्यान रखो,
जब अहंकार बोलता है,
तो वह आगे-पीछे
कुछ नहीं सोचता है।''



-गिरीश बख्शी

## कविता

### // धरती मइया//

मोर धरती मइया तोला हरियर लुगरा फबय,
जेमा काँसी बरन के सुघर अँछरा निखरय ओ
मैं का बरनन करँव तोर महिमा के।
बड़े बिहनिया ह आवय उत्ती ले,
धरके सोनहा थारी।
तैंतीस कोटि देवता सब आवँय,
खुलय सरग दुवारी।
सब मिलके आरती तोर मु-अखरा गावँय ओ,
मैं का बरनन....
पहार-परवत के तोर बइहाँ मा,
गहना-गुँथा नंदी-नरुवा।
सुगंध बिखेरय तोर कंचनकाया मा,
चम्पा-चमेली दसमत फुलुवा।
तोर कोरा मा अन्न-धन भंडार लहरा लेवय ओ,
मैं का बरनन....
रुखराई-बन झूमरँय तोर सुवागत मा,
निस दिन नित रैना।
सुआ गावत करमा नाचत झूमके,
पँड़की-परेवा कोइली मैना।
बीर बलसाली लइका तोर पहरा देवय ओ,
मैं का बरनन....



टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''

## राशिफल



**मेष**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन आपके लिए किसी मामले में जीत दिलाने वाला रहेगा। साथ ही आपको शासन व सत्ता का पूरा लाभ मिलेगा और आपका सम्मान बढ़ने से आपको खुशी होगी। किसी करीबी पर भरोसा करने से आपको समस्या हो सकती है.. सोच समझकर आगे बढ़ेंगे तो सब ठीक होगा।



**वृषभ**

आज आपका दिन शानदार रहने वाला है।आप किसी रिश्तेदार से मिलने, उनकेघर जायेंगे। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्र तैयारी जारी रखेंगे और खूब मेहनत भी करेंगे।



**मिथुन**

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बच्चे आज आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे और घर के बुजुर्गों की सेवा भी करेंगे। आज आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। बेहतर बनाने के लिए आप नये कदम उठायेंगे।



**कर्क**

आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने खर्च पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा। आने वाले समय में आपकी महत्व कांक्षाएं बढ़ेगी, जिसे पूरा करने के लिए आप कड़ी मेहनत करेंगे। आज हर कोई आपकी बातों से प्रभावित होगा।



**सिंह**

आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिताएंगे और भविष्य की कुछ योजनाओं पर बात-चीत भी करेंगे। आपके लिए कोई फैसला करना थोडा मुश्किल होगा लेकिन आपको भाई का साथ मिलने से आसानी होगी।



**कन्या**

आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे।आज आप अपने कामों में जल्दबाजी दिखाने से बचेंगे तो आप आगे आने वाली किसी समस्या से बच जायेंगे। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में आलस्य की बजह से कमजोर रहेगा। आपके कामों की गति धीमी रहेगी, लेकिन मित्रों के साथ आपके संबंध बेहतर रहेंगे इसके साथ ही आप परिवार में सबको खुश रखने की कोशिश में लगे रहेंगे।



**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपकी भावनाओं की कद्र होगी, लव मेट आज आपको कोई गिफ्ट भी दे सकते हैं। आपका कोई मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है जिसकी आप अपनी क्षमता के अनुसार मदद करेंगे। आज आप किसी बड़े लक्ष्य को पकड़कर चलेंगे।



**धनु**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपने कामों पर पूरा फोकस बनाए रखें और आपको एक से अधिक स्त्रोतों से लाभ होने के योग बन रहे हैं। आज कार्यक्षेत्र में आप कुछ नया अनुभव करेंगे इससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। आप काम को पूरा करने के लिए नए आईडियाज शामिल कर सकते हैं।



**मकर**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स को नये प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। बड़ों का सहयोग आपके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। साझेदारी में किसी डील को फाइनल करना आपके लिए अच्छा रहेगा और आपके औद्योगिक मामले सुधरेंगे। आज आपके दांपत्य जीवन में सुख समृद्धि बनी रहेगी। जीवनसाथी के साथ आप किसी बड़ी डील को फाइनल करेंगे।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने व्यवसाय के कामों में कुछ कठिनाई तो होगी, लेकिन फिर भी आप पूरा करने की कोशिश में लगे रहेंगे। आज आपको संतान की संगति की ओर विशेष ध्यान देना होगा। आज आपका कोई सपना साकार हो सकता है।

# श्री हनुमान चौक की मटकी गोंदिया की टोली ने लूटी, मिला 44,444 का इनाम

## इत्र वर्षा, पुष्प वर्षा, आतिशबाजी से किया गया ठाकुर जी के डोले का स्वागत

डोंगरगढ़(दावा)। मां बम्लेश्वरी की नगरी डोंगरगढ़ धाम में दही हांडी की धूम देखने को मिली। इस वर्ष गोविंदा उत्सव का यह106 वां वर्ष पूर्ण हुआ।श्री कृष्ण जन्माष्टमी गोविंद उत्सव पर्व के अवसर पर श्री हनुमान भक्त युवा समिति व गोल बाजार गोविंदा उत्सव समिति के तत्वाधान पर आयोजित दही हांडी लूट का भव्य आयोजन श्री हनुमान चौक गोल बाजार में आयोजित किया गया। जो आकर्षण का केंद्र रहा।

जिसमें सर्वप्रथम ठाकुर जी के डोले का स्वागत इत्र वर्षा पुष्प वर्षा व आतिशबाजी के साथ किया गया। समिति सदस्यों ने पूजन अर्चन कर डोले की अगुवानी की सभी ठाकुर जी के भक्त कृष्ण भजन में झुमते नजर आए। डोंगरगढ़ धाम वृंदावन जैसे प्रतीक होने लगा। गोविंदा गोविन्द के जयकारे से धर्मनगरी गूंज उठी।

समिति के हनी गुप्ता ने बताया क्रेन द्वारा दही लूट गोविंदा उत्सव का यह 7वां वर्ष पूर्ण हुआ आयोजन को लेकर 1 माह पूर्व से तैयारी में आयोजन समिति लगी थी बाहर से टोलियों को आमंत्रण, रुकने व भोजन की व्यवस्था,डी जे साउंड लाइट की व्यवस्था के डोले का भव्य स्वागत की संपूर्ण तैयारी की गई थी जिसमें इस वर्ष 44,444 का पुरस्कार विजेता टोली के लिए रखा गया था छत्तीसगढ़ के फेमस डीजे साउंड देव आडियो की धूम में सब भक्त झूमते रहे लाइटिंग व लेजर शो का गोल बाजार के स्वरूप देखने लायक रहा। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गोविंदा उत्सव दही हांडी लूट प्रतियोगिता में आम



जनमानस के मनोरंजन के लिए स्पाईडर मैन ने मटकी लूट व डांस कर सब को नचाया।

### मां शीतला संझोरी समाज गोंदिया की टोली को मिला 44,444 रु. का पुरस्कार

आयोजन समिति के आलोक प्रताप सिंह के द्वारा बताया गया की, आयोजन हर वर्ष एक विशाल स्वरूप लेता जा रहा है।इसी कड़ी में इस वर्ष जय मां शीतला संझोरी समाज गोंदिया की टोली ने क्रेन में लगी मटकी लूटी इनाम के स्वरूप में 44,444 रु. का पुरस्कार मोमेंटो चेक दिया गया साथ ही विशेष पुरस्कार जय मां शीतला अंडी की टोली को गोल बाजार व्यापारी लाल तापड़िया,बंटू तापड़िया,संजू चौरसिया, राजकुमार महोबिया के द्वारा प्रदान किया गया।

### सांसद संतोष पांडे सहित वरिष्ठजनों ने उपस्थिति प्रदान कर उत्साह बढ़ाया

भव्य आयोजन में राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे, भरत वर्मा,विनोद खांडेकर, अमित जैन, हरविंदर सिंह मंगे, राकेश अग्रवाल, सन्तु राव, मोंटी भाटिया, आलोक श्रोती, सुभाष अग्रवाल, संजय अग्रवाल की उपस्थिति रही सांसद श्री पांडे के द्वारा मटकी लूटी गई व नगर वासियो को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई शुभकामनाएं दी। साथ ही भव्य आयोजन के लिए समिति तारीफ की !समिति द्वारा आयोजन को सफ़ल बनाने के लिए समस्त नगरवासियों का आभार व प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोगी को धन्यवाद दिया गया।

# दही हाण्डी लूट का भव्य आयोजन, 35 फीट की ऊंचाई पर बंधी मटकी

डोंगरगढ़ (दावा)। मां बमलेश्वरी की पावन धरा डोंगरगढ़ धाम में 106 साल से लगा तार श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं दही लूट ( गोविंदा ) महोत्सव का आयोजन पुरे नगर में अलग अलग स्थानों में की जाती है जो धीरे-धीरे एक भव्य रूप लेती जा रही है। इस शुभ अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राजीव मितान क्लब, ब्लाक कांग्रेस कमेटी शहर ग्रामीण, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजक समिति द्वारा मंगलवार को बालक स्कूल ग्राउंड में दही हाण्डी लूट का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 35 फीट की ऊंचाई पर बांधी गई, दही हाण्डी को अंततः दुर्गा की टोली द्वारा तोड़ा (लूटा) गया।



कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए आयोजन समिति के द्वारा तैयारी जोर-शोर से की गई। कार्यक्रम शाम को 5 बजे श्रीकृष्ण जी की आरती पूजन के पश्चात आरंभ हुआ। क्रेन के द्वारा 35 फीट ऊंची दही हांडी विशेष लाइटिंग के साथ लटकाई गई। भव्य ध्वनि व प्रकाश व्यवस्था के साथ भारी संख्या में उपस्थित डोंगरगढ़ के नागरिक पूरे उल्लास के साथ गोविन्दा की धुनों पर झूमते रहे।विधायक हर्षिता बघेल ने अपने संबोधन में सभी को गोविंदा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विष्णु लोधी ने आयोजन की प्रशंसा की एवं सफल आयोजन के लिए समिति व सभी नागरिकों को बधाई दी। कहा डोंगरगढ़ का दही लूट (गोविंदा) महोत्सव अदभुत एवं दर्शनीय है। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय राज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद रहे लोग देर रात तक आनंद लेते रहे।

**पूरे उल्लास के साथ गोविन्दा की धुनों पर देर रात तक झूमते रहे**

# पहला कॉलम...

## खुज्जी में धूमधाम से मनाया गया गोविंदा उत्सव



खुज्जी (दावा)। ग्राम विकास समिति खुज्जी द्वारा रामधुनी प्रतियोगिता के समापन के पश्चात, यादव समाज द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने बच्चों को श्री कृष्ण बनाकर भगवान को ग्राम भ्रमण कराते हुए, जगह-जगह दही हांडी फोड़ा गया। इसी तारतम्य में बाजार चौक में दही हांडी बांधा गया था, जिसे ग्राम के नौजवानों द्वारा टोली बनाकर बड़ी मुश्किल से हांडी फोड़ा गया, जिसे देखने आसपास के ग्रामीण व ग्राम के दर्शक बड़ी संख्या में उपस्थित थे सभी ने गोविंदा उत्सव दही हांडी लूट का आनंद लिया। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष व सभी सदस्यों ने दिल से बहुत बहुत आभार व्यक्त किया है।

## पारीखुर्द की नटखट टोली ने फोड़ी दही हांडी



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पारीखुर्द, संकुल भर्रेगाँव में 24 अगस्त को जन्माष्टमी महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। शाला के सभी बच्चे राधा-कृष्ण की वेश भूषा में शाला में उपस्थित हुए थे, जो बहुत ही मनोहारी लग रहा था। बच्चों ने मिलकर राधा-कृष्ण को समर्पित राम नृत्य का आनंद लिया। जिससे दिव्य वातावरण की अनुभूति हुई। इसके बाद बच्चों ने अपनी-अपनी टोली बनाकर 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' का जयघोष करते हुए भरपूर आनंद व उत्साह के साथ दही हांडी फोड़ने का प्रयास किया, जो बड़ा ही मजेदार रहा। जन्माष्टमी महोसव के इस आनंदपूर्ण वातावरण में बच्चों के साथ शिक्षक भी सम्मिलित रहे। इस अवसर पर संस्था प्रमुख शिव कुमार सेवता, शिक्षिका श्रीमती विभा सिंहमारे व सुश्री पुष्पलता देवगन की उपस्थिति रही।

## पौधरोपण कर सुरक्षा की ली जिम्मेदारी



डोंगरगढ़(दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे हाई स्कूल डोंगरगढ़ में पौधारोपण किया गया। मिलिंद के टेम्भुरकर वरिष्ठ शिक्षक द्वारा स्कूली बच्चों के साथ पीपल का पौधा लगाया गया। इसके अलावा जामुन सहित अन्य फलदार पौधे लगाए गए। सभी ने पौधे के संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य जी.पी. खैरवार, वी. भीमटे, दुर्गेश वस्त्रकर, श्रीमती बोबिनवाला, साक्षी वैष्णव, सुरक्षा थानथराते, नितिन, प्रेमलाल, लक्ष्मी रजक, रमेश परिहार व शाला के छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## छुरिया में श्रीकृष्ण जनमाष्टमी धूमधाम से मनाया गया

छुरिया (दावा)। नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मां दन्तेश्वरी नीचे मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा स्थापित कर पूजा पाठ तथा रामसप्ता भजन कीर्तन पाठ किया गया। दूसरे दिन भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा बाजे-गाजे, डीजे की धुन पर नीचे मंदिर प्रांगण से होकर नगर के प्रमुख मार्गों में भ्रमण करते हुए पुराने तालाब में विसर्जित की गयी। विसर्जन पश्चात हाईस्कूल मैदान में विशाल दहीलूट का भव्य आयोजन रखा गया। आयोजन को देखते हुए नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। दहीलूट प्रतियोगिता में मंडलियों के लिए समिति द्वारा आकर्षक ईनाम रखा गया था। इस प्रतियोगिता में आसपास क्षेत्र के मंडलियों ने भाग लिया था। देर रात चले दही लूट प्रतियोगिता का लोगों ने जमकर आंनद उठाया। अंत में आयोजन समिति द्वारा दहीलूट में भाग लिये मंडलियों को पुरस्कृत किया गया।

## आरोपी के पास से 17 नग अंग्रेजी शराब जप्त

डोंगरगढ़(दावा)। ग्राम माडीतराई पारधी पारा डोंगरगढ से मुसराकला जाने वाले सड़क मार्ग में आरोपी हिरेन्द्र कुमार साहू पिता अशोक कुमार साहू उम्र 32 वर्ष निवासी मुसराकला थाना डोंगरगढ़ के पास से पुलिस ने एक सफेद रंग के प्लास्टिक थैले में जम्मू डिलक्स विस्की अंग्रेजी शराब 17 नग जप्त किया गया। आरोपी हिरेन्द्र कुमार साहू के विरूद्ध धारा 34(1)(क)(ख) आबकारी एक्ट का घटित करना पाये जाने से मौके पर गिरफ्तार किया गया। मामला जमानतीय होने व सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया है।

# सांसद संतोष पाण्डेय के हाथों हुआ सामाजिक भवन का लोकार्पण

**(राजेश मेश्राम)**

जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखण्ड के आश्रित ग्राम पंचायत कापा में विभिन्न शासकीय भवनो का लोकार्पण जिले के सांसद संतोष पाण्डेय के कर कमलों द्वारा सम्पन्न कराया गया।



इस अवसर पर उपस्थित ग्रामवासियों को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए संतोष पाण्डेय ने कहा कि हमारी पार्टी भाजपा देश के सभी धर्मो का समान रूप से आदर और सम्मान करता है। यह एक ऐसी पार्टी है जहां किसी भी धर्म और सम्प्रदाय का व्यक्ति ऊंचे से ऊंचे पद पर आसीन हो सकता है बशर्ते वो जनता की सेवा में अग्रणी हो उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश में बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य किये है जो कार्य कांग्रेस की सरकार ने नही किया उन्होने कश्मीर से धारा 370 को हटाने का भी जिक्र किया, उन्होने कहा कि कश्मीर को हमेशा-हमेशा के लिए भारत का हिस्सा बना लिया गया । विदित हो कि इसके पूर्व कश्मीर के लिए एक पृथक से संविधान था पर अब कश्मीर में भी निवासरत नागरिक के लिए भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियॉ ही लागू होगी। उन्होने ने कहा कि मै ग्राम पंचायत कापा में पहली बार पहुंच पाया हूॅं ज्यादातर जनता की शिकायत रही है कि मै उनके करीब नही पहुंच पाया, इस पर सासंद संतोष पाण्डेय ने कहा कि राजनांदगांव लोकसभा में कुल 2600 ग्राम है सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि 2600 ग्रामों में पहुंच पाना सालभर में भी संभव नही है। उन्होने कहा कि एक वर्ष में कुल 365 दिन होते है मै प्रतिदिन एक ग्राम भी जाउ तो भी हर ग्राम में पहुंच पाना संभव नही है। उन्होने कहा कि आप सबने जो प्यार दिया है और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में विकास की जो जिम्मेदारी मुझे सौपी है बखूबी निर्वहन करूंगा । ग्राम कापा पहुंचने पर सासंद महोदय का ग्रामीणो ने जोशीला स्वागत किया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

### सरपंच ने रखी मांग सासंद ने की घोषणा

ग्राम पंचायत कापा की सरपंच चैती बाई जोशी ने इस अवसर पर पधारे सासंद महोदय से खेल मैदान समतलीकरण हेतु राशि प्रदान करने की मांग रखी जिस पर सासंद संतोष पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कापा में खेल मैदान समतलीकरण हेतु 5 लाख रूपये देने की घोषणा की।

### इनका हुआ लोकार्पण

सामुदायिक भवन कापा स्वीकृत राशि 5 लाख रूपये, खाद गोदाम कापा हेतु स्वीकृत राशि 09 लाख कला मंच हेतु स्वीकृत राशि 2 लाख रूपये के अलावा ग्राम पचांयत करमरी और ग्राम पंचायत अरजकुण्ड में विभिन्न शासकीय भवनो का लोकार्पण सासंद संतोष पाण्डेय द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, दीनदयाल साहू, रामकुमार साहू, चंद्रिका प्रसाद डडसेना, अनिरूद्ध चंद्राकर, ह्रदयराम चंद्रवंशी, राधेलाल जोशी, देवारूराम मालेकर, मुकेश साहू महरूम आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# अम्बागढ़ चौकी में मधुसूदन यादव का भव्य स्वागत किया

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। भाजपा ने स्थानीय विश्राम गृह मै अम्बागढ़ चौकी भाजपा ने मधुसूदन यादव पूर्व सांसद एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष के नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया, मधुसूदन यादव ने भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों से क्षेत्र के विकास के संबंध मे विस्तृत चर्चा की एवं आने वाले नगर पंचायत चुनाव, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को देखते हुवे पार्टी संगठन मे एक जुटता बनाये रखने एवं शासन की विभिन्न योजनाये जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड बनवाने मे ध्यान दें, इस अवसर पर दिलीप वर्मा जिला महामंत्री,गुलाब गोस्वामी मंडल अध्यक्ष, अरुण यादव सदस्य जिला पंचायत, पवन गुप्ता जिला मंत्री, राजेश सिंगी पूर्व जिला मंत्री, ढालसिंह कौशिक पूर्व मंडल अध्यक्ष, भारत भूषण ठाकुर, देवनारायण कुम्भकार, विमल यादव,गौरव शर्मा, राजेश जैन गुजराती, ईश्वरी धुर्वे, सतीश शर्मा भाजयुमो अध्यक्ष, कुंजलता हरमुख, शुभम लाटा, आशीष द्विवेदी, अजहरुद्दीन, बाबू दुबे, दिलीप कौशिक, राजू खंडेलवाल, एवं बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# गुरु बालक दास की जयंती पर सतनामी समाज ने निकाली बाइक रैली



जोंधरा (दावा)। समाज को मानवतावादी दिशा देने के लिए प्रत्येक समाज में एक महानायक का जन्म जरूर हुआ है। ऐसे सतनाम समाज को आगे बढ़ाने एवं मानवतावादी दिशा प्रदान करने के लिए राजा गुरु बालक दास का जन्म 18 अगस्त 1805 ईसवी में हुआ था। उनके पिता बाबा घासीदास जी एवं माता सफूराजी थी एवं जन्म स्थान गिरौदगांव था। परीक्षेत्रीय अध्यक्ष दुष्यंत जोशी ब्लॉक अध्यक्ष राधेलाल जोशी के नेतृत्व में आज 26 अगस्त को गुरु बालक दास की जयंती का आयोजन कर बाइक रैली निकाली गई जो क्षेत्र के ग्राम कापा, बड़भूम, गिदर्री, छिन्दी बिरही, महरूम, बरबसपुर, आयबांधा, उमरवाही, दानीटोला होते हुए बड़भूम में सभा के रूप में परिवर्तित हुई ।

वहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुष्यंत जोशी द्वारा सतनाम समाज के उपस्थित सदस्यों को शपथ दिलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से सतनाम धर्म में आस्था रखने, मूर्ति पूजा पर प्रतिबंध, जाति के प्रपंच में मत पड़ो, जीव हत्या व मांसाहार का विरोध, चोरी नशा से दूर रहना, सूर्यास्त के बाद हल ना चलाना की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से आनंद राम जोशी, अजब दास, सेवक दास, मिथलेश कुमार, नोहर दास, नितेश देशलहरे, परमेश्वर नरसिंह देशलहरे, नंदकुमार कुर्रे, भागीरथी नारंग, तेजलाल बंजारे, ईश्वर देशलहरे देवनाथ देवदास लहरे तुमेश भारती, यशवंत रात्रे, माधव, खोरबाहरा भारती आदि उपस्थित रहे।

# नगर में हर्षोल्लास से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



डोंगरगांव (दावा)। नगर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव व दही हांडी लूट का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर के ठाकुर जुगल किशोर मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मंदिर व भगवान की प्रतिमा को मनमोहक रूप में सजाया गया। वहीं श्रीकृष्ण भजन में पूरे नगरवासी भक्तिरस में सराबोर रहे। रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर जमकर आतिशबाजी की गई और भगवान श्रीकृष्ण का जल, दुग्ध, पंचामृत अभिषेक कर श्रृंगार किया गया। दूसरे दिवस नगर में अनेक स्थलों पर भव्य दही हांडी लूट का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर नगर के हनुमान जी मंदिर से डोला के साथ श्रीकृष्ण बाल रूप में दही लूटने नगर भ्रमण करते हैं। वहीं नगर के सदर लाइन, कंडरापारा, सेवताटोला, मेनरोड सहित अन्य स्थानों में इस आयोजन के दही हांडी सहित अन्य वस्तुएं बांधी जाती है, जिसे साथ में चल रहे टोलियों के द्वारा लूटा जाता है। इधर नगर के पुराने बस स्टैंड में भव्य दही लूट का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसी स्थल में बच्चों का श्रीराधा कृष्ण वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय सहित अन्य नेतागण 1 समिति के पदाधिकारीगणो ने बच्चों को पुरस्कृत किया। इस आयोजन के लिए विशेष रूप से नागपुर से आमंत्रित टोली के द्वारा डोला के साथ हनुमानजी और मां काली की वेशभूषा में चलते नजर आए। वहीं इनके द्वारा कार्यक्रम स्थल पुराने बस स्टैंड में नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा नगर के सिनेमा लाइन में भी मुहल्ले के छोटे छोटे बच्चों का दही लूट कार्यक्रम हुआ। जिसमे बच्चे बड़े ही प्रफुल्लित मन से श्रीराधा रानी और भगवान श्रीकृष्ण के रूप में मौजूद रहे।

# श्री बमलेश्वरी मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

डोंगरगढ़(दावा)। नीचे मां बम्लेश्वरी मंदिर प्रागण में 26 अगस्त दिन सोमवार को भगवान श्री कृष्ण जन्म उत्सव बड़े उल्लास पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। प्रातः 9 बजे से भगवान श्री कृष्ण जी की पुजा प्रारंभ होकर दिन भर भगवान श्री कृष्ण जी के भजन कीर्तन स्थानीय एवं ग्रामीण अचंल के विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। तपश्चात् रात्रि में भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का धार्मिक मनमोहक झांकियों का प्रदर्शन किया गया।जिसमें भगवान श्री कृष्ण के जीवन से संबंधित झांकियों का प्रदर्शन किया गया। जिसके अन्तर्गत भगवान श्री कृष्ण जी के जन्म से संबंधित कारागार, श्री राधाकृष्ण झुला झुलते हुये, कालिया मर्दन, श्री कृष्णा जी द्वारा माखन सूट, जैसे श्री कृष्णा से संबंधित झांकियों का प्रदर्शन मंदिर ट्रस्ट समिति के नीचे मंदिर परिसर में किया गया।



तत्पश्चात् रात्रि 9 बजे से 12 बजे तक डोंगरगढ़ के स्थानीय कलाकार निखील म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। काफी मात्रा में श्रोतागण उपस्थित थे। भजन प्रस्तुती पर देर रात तक लोग जयकारा के साथ सुनते रहे। भगवान श्री कृष्ण जी के जन्म पश्चात् वही लूट का कार्यक्रम में भी नवयुवकों द्वारा सम्मिलित होकर कार्यक्रम का आनंद उठाया। झांकियों में भाग लेने वाले बच्चों को ट्रस्ट की ओर से पुरस्कार वितरण किया गया।

उपरोक्त सभी कार्यक्रम काफी सराहनीय रहा। रात्रि 12 बजे जय-जयकार के गगनभेदी नारों के साथ भगवान श्री कृष्ण जी के जन्म की बधाईया दी एवं श्रद्धालुओं को आरती पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया।ग्राम पटपर के श्री दाई के दुलरचा नयन्न जरा झाकी परिवार के द्वारा स्थल झांकी का कार्यक्रम सराहानी प्रदर्शन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, उपाध्यक्ष संजय कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश मिश्रा, मंत्री महेन्द्र परिहार, सहमंत्री बालू शांडिल्य, ट्रस्टीगण पीताम्बर स्वामी, प्रकाश बिंदल, संजीव गोमास्ता, विशेष आमंत्रित सदस्य अजय सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने के लिये उपस्थित सभी धर्म प्रेमी सज्जनों, एवं सेवादल के कार्यकर्ता द्वारा तथा स्थानीय प्रशासन के पदाधिकारी, एसडीएम, एसडीओपी, टी.आई. एवं उपस्थित पुलिस कर्मचारियों, विद्युत विभाग एवं ट्रस्ट के समस्त कार्मचारियों द्वारा व प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष जिनका सहयोग प्राप्त हुआ है उन सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुये भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा की है। उपरोक्त जानकारी ट्रस्ट समिति के मंत्री महेन्द्र परिहार ने दी है।

# छुईखदान में भगवान श्रीकृष्ण जी की शोभायात्रा निकाली गई



छुईखदान (दावा)। भगवान श्रीकृष्ण जी जन्मोत्सव जन्माष्टमी पश्चात 27 अगस्त 2024 मंगलवार को बाजे गाजे आतिशबाजी से भगवान श्रीकृष्ण जी को रथ पर बिठाकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कोसरिया यादव समाज द्वारा शोभायात्रा में भगवान श्री कृष्ण जी की विधि विधान से पूजा अर्चना पश्चात शहर के विभिन्न वार्डों, बाजार लाइन, मेन मार्केट आदि में राउत नाच करते, भक्ति गीत गाते, डीजे बजाकर नाचते थिरकते, जय यादव जय माधव नारा लगाते बड़ी संख्या में यादव समाज की उपस्थिति में भ्रमण कर समापन किया गया। राजपरिवार के श्रीमती लतारानी लाल जे के वैष्णव ने शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण जी की पूजा अर्चना की। प्रतिवर्ष अनुसार गोविन्दा उत्सव एवं शोभायात्रा आयोजित करने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। दही हांडी उत्सव पर छुईखदान के मंदिर परिसर सहित अन्य स्थानों पर दही लूट आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें बहुत से बच्चों द्वारा बड़े उत्साह हर्षोल्लास से दल बनाकर दहीलूट में भाग लिया गया।

# पहला कॉलम...

## फुटबॉल मैच में गिरने से खिलाड़ी की मौत

नई दिल्ली। उरुग्वे फुटबॉल क्लब नेशनल के डिफेंडर जुआन इज़किएर्डो का इस महीने की शुरुआत में कोपा लिबर्टाडोरेस मैच के दौरान मैदान पर गिरने के बाद 27 साल की उम्र में निधन हो गया। 22 अगस्त को साओ पाउलो के खिलाफ नेशनल के मैच के दौरान अनियमित दिल की धड़कन से पीड़ित होने के बाद इज़क्विएर्डो अस्पताल में अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रहे थे। यह घटना खेल के 84वें मिनट में घटी, जिसमें इज़क्विएर्डो अन्य खिलाड़ियों के संपर्क के बिना ही गिर गया। चिकित्सा कर्मी उनकी सहायता के लिए दौड़े और गहन चिकित्सा इकाई में ले जाने से पहले मैदान पर तत्काल उपचार किया। डॉक्टरों के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, इज़क्विएर्डो की हालत अगले कुछ दिनों में बिगड़ गई, जिससे उनकी मृत्यु हो गई।

हम उनके परिवार, दोस्तों, सहकर्मियों और प्रियजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। पूरा नैशनल उनकी अपूरणीय क्षति के लिए शोक में है।घटना के जवाब में, उरुग्वे के फुटबॉल अधिकारियों ने सप्ताहांत में सभी प्रथम और द्वितीय श्रेणी के मैच स्थगित कर दिए। इंटर मियामी स्ट्राइकर और उरुग्वे के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लुइस सुआरेज़ ने इस खबर पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा, दर्द, दुख, इसे समझाना मुश्किल है। उन्हें शांति मिले। मैं उनके परिवार और दोस्तों के लिए बहुत सारी शक्ति की कामना करता हूं।

## इंग्लैंड के दिग्गज खिलाड़ी मलान ने लिया संन्यास

नई दिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बैटर डेविड मलान ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है. वे टी20 में नंबर 1 रैंकिंग पर रह चुके हैं. लेकिन अब 37 साल की उम्र में संन्यास ले लिया है. मलान काफी वक्त से टीम से बाहर चल रहे थे. उन्हें वनडे विश्व कप 2023 के बाद अभी तक टीम में जगह नहीं मिली थी. मलान का इंटरनेशनल करियर बहुत ज्यादा लंबा नहीं रहा. लेकिन यादगार रहा. उन्होंने टी20 में 1800 से ज्यादा रन बनाए हैं. वहीं वनडे में 1400 से ज्यादा रन बना चुके हैं।

## सेबी के एक्शन के बाद धड़ाम से गिरे शुगर कंपनी के शेयर

नई दिल्ली। आज सुबह शेयर बाजार सीमित दायरे में खुला था पर बाद में बाजार के दोनों सूचकांक हल्की बढ़त के साथ कारोबार करने लगे। बढ़त के कारोबार के बीच शुगर कंपनी राणा शुगर्स के शेयरों में बिकवाली आई। शुरुआती कारोबार में ही कंपनी के स्टॉक 14 फीसदी तक गिर गए थे। हालांकि, बाद में कंपनी के शेयर उबर गए थे। खबर लिखते वक्त कंपनी के शेयर 7.02 फीसदी फिसलकर 21.72 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा था। 27 अगस्त 2024 (सोमवार) को सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने राणा शुगर्स के खिलाफ सख्त एक्शन लिया। सेबी ने फंड्स की हेराफेरी का आरोप में कंपनी के प्रमोटरों और कुछ अधिकारियों को शेयर मार्केट से 2 साल के बैन कर दिया। इसके अलावा इनपर 63 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। सेबी ने कंपनी के इंदर प्रताप सिंह राणा (प्रमोटर और मैनेजिंग डायरेक्टर), रणजीत सिंह राणा (चेयरमैन), वीर प्रताप राणा, गुरजीत सिंह राणा, करण प्रताप सिंह राणा, राजबंस कौर, प्रीत इंदर सिंह राणा और सुखजिंदर कौर पर भी रोक लगाई। अब यह सभी व्यक्ति दो साल तक किसी भी लिस्टिंग कंपनी में डायरेक्टर बनने या मैनेजमेंट में कोई अन्य अहम पद नहीं ले सकते हैं।इसके अलावा सेबी ने राणा शुगर्स, उसके प्रमोटरों, अधिकारियों और अन्य रिलेटेड पार्टीज पर तीन करोड़ रुपये से लेकर सात करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया है।

## कार से पिता-बेटी को कुचला; कार चालक ने भीड़ को दी धमकी

इस्लामाबाद। एक पाकिस्तानी महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह एक कैमरे की तरफ मुस्कुराती हुई नजर आ रही है। इस वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों का महिला की तरफ गुस्सा फूटा। दरअसल, इस महिला का नाम नताशा दानिश है। ये जाने-माने व्यवसायी दानिश इकबाल की पत्नी है। 19 अगस्त को नताशा की कार टोयोटा लैंड क्रूजर से करसाज रोड पर एक मोटकसाइकिल और एक खड़ी कार सहित कई वाहनों से जोरदार टक्कर हो गई थी। इस हादसे में पिता और बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कम से कम चार अन्य घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया। एमएम न्यूज के अनुसार, उनके परिवार ने बताया कि पीड़ितों में से एक अब वेंटिलेटर पर है।

हालांकि, दुर्घटना के बाद नताशा का व्यवहार और भी ज्यादा चौंकाने वाला था, जिसे सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में कैद किया गया है। एक्स पर शेयर किए गए फुटेज में नताशा को गुस्साई भीड़ से घिरा हुआ दिखाया गया है, जो मुस्कुरा रही है और अपने परिवार के प्रभाव के बारे में शेखी बघार रही है। वह भीड़ से यह भी कह रहा कि तुम मेरे बाप को नहीं जानते।

# वेस्टइंडीज़ ने दक्षिण अफ्रीका का किया सूपड़ा साफ, तीसरे टी20 में भी बुरी तरह रौंदा

नई दिल्ली। तीसरा टी20 हराकर वेस्टइंडीज़ ने दक्षिण अफ्रीका का सूपड़ा साफ कर दिया. दोनों के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली गई, जिसमें वेस्टइंडीज़ ने 3-0 से जीत दर्ज कर अफ्रीका को क्लीन स्वीप कर दिया. पहले और दूसरे टी20 की तरह मेजबान वेस्टइंडीज़ ने तीसरे मुकाबले में भी अफ्रीकी टीम को करारी शिकस्त दी. त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में बारिश ने दखल दी, जिससे फैंस 20-20 ओवर के मुकाबले का लुत्फ नहीं उठा सके.



बारिश के कारण मैच को 13-13 ओवर का कर दिया गया था, जिसमें वेस्टइंडीज़ ने 8 विकेट से जीत अपने नाम की. वेस्टइंडीज़ ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया, जो उनके लिए सही साबित हुआ. पहले बैटिंग करने उतरी अफ्रीका की टीम ने 13 ओवर में 4 विकेट पर 108 रन बोर्ड पर लगाए. टीम के लिए ट्रिस्टन स्टब्स ने सबसे बड़ी और ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए 15 गेंदों में 40 रन बनाए, जिसमें उन्होंने 5 चौके और 3 छक्के लगाए. इस दौरान वेस्टइंडीज़ के लिए रोमारियो शेफर्ड ने सबसे ज्यादा 2 विकेट अपने नाम किए. 109 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज़ ने 9.2 ओवर में 22 गेंद पहले ही 116/2 रन बनाकर जीत हासिल कर ली. टीम के लिए ओपनिंग पर उतरे शाई होप ने शानदार पारी खेलते हुए 24 गेंदों में 1 चौके और 4 छक्कों की मदद से 42* रन बनाए. इसके अलावा निकोलस पूरन ने 13 गेंदों में 269.23 के स्ट्राइक रेट से 35 रन स्कोर किए, जिसमें 2 चौके और 4 छक्के शामिल रहे. वहीं बाकी का बचा हुआ काम शिमरोन हेटमायर ने किया. हेटमायर ने 17 गेंदों में 182.35 के स्ट्राइक रेट से 31* रन बनाए, जिसमें उन्होंने 4 चौके और 1 छक्का लगाया.

इस दौरान अफ्रीका के गेंदबाज पूरी तरह से फ्लॉप दिखाई दिए. टीम के लिए ओटनील बार्टमैन और ब्योर्न फ़ोर्टुइन ने 1-1 विकेट लिया. बार्टमैन ने 2 ओवर में 16 की इकॉनमी से 32 रन खर्चे, जबकि फ़ोर्टुइन ने 1 ओवर में 8 रन दिए. क्वेना मफाका सबसे महंगे गेंदबाज रहे, जिन्होंने 2 ओवर में 17 की इकॉनमी से 34 रन खर्चे.

# 26 सितंबर को न्यूयॉर्क में मोदी करेंगे मेगा इवेंट को संबोधित

न्यूयार्क। अगले महीने अमेरिका में होने वाले एक मेगा कम्युनिटी इवेंट को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संबोधित करेंगे। इसमें शामिल होने के लिए 24000 भारतवंशियों ने पंजीकरण कराया है। 'मोदी एंड यूएस' प्रोग्रेस टुगेदर कार्यक्रम 22 सितंबर को नासाउ वेटरन्स मेमोरियल कोलिजीयम में आयोजित किया जाएगा, जिसकी क्षमता 15,000 है।



इंडो-अमेरिकन कम्युनिटी आफ यूएसए (आइएसीयू) ने मंगलवार को कहा कि 24,000 से अधिक भारतीय-अमेरिकियों ने मेगा इवेंट में भाग लेने के लिए पंजीकरण किया है। प्रधानमंत्री मोदी 26 सितंबर को यहां उच्च स्तरीय संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र को संबोधित करने वाले हैं।

आइएसीयू ने कहा कि कम से कम 42 राज्यों से भारतीय अमेरिकियों के भाग लेने की उम्मीद है। कार्यक्रम के एक प्रमुख आयोजक ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग भाग ले सकें।उन्होंने आगे कहा कि हम बैठने की व्यवस्था का विस्तार करने और अपने वेलकम पार्टनर्स के साथ समन्वय करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने जा रहे हैं, ताकि लोगों को किसी तरह की दिक्कत न हो।

## जहीर खान बने एलएसजी के मेंटर

नई दिल्ली। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान को आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स ने अपनी टीम का मेंटर बनाया है। 45 साल के जहीर खान की दो साल बाद आईपीएल में वापसी हुई है। इससे पहले वह 2018 से 2022 तक मुंबई इंडियंस से जुड़े थे। जहीर खान को अब लखनऊ सुपर जायंट्स ने मेंटर बनाया है। बता दें कि गौतम गंभीर के केकेआर से जुड़ने के बाद स्स्त्त में ये पद खाली था।



दरअसल, जहीर खान ने 2008 में आईपीएल डेब्यू किया था और उन्होंने साल 2017 में आखिरी बार आईपीएल खेला। इसके बाद वह अलग-अलग भूमिका में नजर आए। 2018 से 2022 तक वह मुबंई इंडियंस के साथ रहे। अब आईपीएल 2025 में वह लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटर के रूप में नियुक्त किए गए हैं। उनसे पहले गौतम गंभीर इस पद पर थे, लेकिन आईपीएल 2024 के बाद गौतम गंभीर ने कोलकाता नाइट राइडर्स का दामन थाम लिया। उनके केकेआर से जुड़ने के बाद ये पद खाली था और अब जहीर खान ने उन्हें रिप्लेस किया। कोलकाता में आज हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में जहीर खान भी मौजूद थे, जहां उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स की नीली जर्सी देकर फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनिका ने अपनी टीम में शामिल किया।

## मोदी कैबिनेट ने दो नई रेल लाइनों के निर्माण को दी मंजूरी, बनेंगे 14 नए स्टेशन

नई दिल्ली। रेल मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने 6,456 करोड़ रुपये की कुल अनुमानित लागत वाली तीन रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी है।



मंत्रालय के अनुसार, स्वीकृत परियोजनाएं असंबद्ध क्षेत्रों को जोड़कर रसद दक्षता (लॉजिस्टिकल एफिशिएंसी) में सुधार करेंगी, मौजूदा लाइन क्षमता को बढ़ाएंगी और परिवहन नेटवर्क को बढ़ाएंगी, जिसके परिणामस्वरूप सुव्यवस्थित सप्लाई चेन और त्वरित आर्थिक विकास होगा। मंत्रालय ने कहा कि नई लाइन के प्रस्ताव सीधे संपर्क प्रदान करेंगे और गतिशीलता में सुधार करेंगे, जिससे भारतीय रेलवे के लिए बढ़ी हुई एफिशियंसी और सेवा विश्वसनीयता मिलेगी। मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को आसान बनाएगा और भीड़भाड़ को कम करेगा, जिससे भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्त खंडों पर आवश्यक बुनियादी ढांचा विकास होगा। मंत्रालय ने कहा- ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को आत्मनिर्भर बनाएगी जिससे उनके रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मंत्रालय के अनुसार, ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुई हैं और लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी।

चार राज्यों यानी ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ के सात जिलों को कवर करने वाली तीन परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 300 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। इन परियोजनाओं के साथ, 14 नए स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा, जो दो आकांक्षी जिलों (नुआपाड़ा और पूर्वी सिंहभूम) को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।नई लाइन परियोजनाओं के लाभों पर प्रकाश डालते हुए, मंत्रालय ने कहा कि ये लगभग 1,300 गांवों और लगभग 11 लाख आबादी को कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना लगभग 1,300 गांवों और लगभग 19 लाख आबादी को कनेक्टिविटी बढ़ाएगी। मंत्रालय ने माल यातायात के लाभों पर भी जोर दिया, क्योंकि ये कृषि उत्पादों, उर्वरक, कोयला, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट और चूना पत्थर आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं।

## आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली को फायदा, बाबर आजम पिछड़े

नई दिल्ली। भारत के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और मौजूदा समय के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली को आईसीसी की टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में फायदा हुआ है, लेकिन पाकिस्तान के बाबर आजम को दर्द मिला है। बाबर को छह स्थान का नुकसान हुआ है। हालांकि, बाबर किसी तरह टॉप-10 में अपनी जगह बनाए हुए हैं।



बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट मैच में पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा था। ये पाकिस्तान की टेस्ट में बांग्लादेश के हाथों पहली हार थी। इस मैच में बाबर आजम का बल्ला पूरी तरह से खामोश रहा था। पहली पारी में वह गोल्डन डक का शिकार बने थे और दूसरी पारी में उनके बल्ले से सिर्फ 22 रन ही निकले थे।

ताजा रैंकिंग में भारत के तीन बल्लेबाज टॉप-10 में हैं। टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अपना छठा स्थान कायम रखा है। वहीं रोहित के जोड़ीदार यशस्वी एक स्थान आगे बढ़ते हुए सातवें नंबर पर आ गए हैं। विराट कोहली दो स्थान आगे बढ़ते हुए आठवें पर पहुंच गए हैं। बाबर छह स्थान नीचे खिसकते हुए नौवें नंबर पर हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक तीन स्थान की छलांग लगाते हुए चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

भारत ने हाल ही में कोई भी टेस्ट सीरीज नहीं खेली है, बावजूद इसके यशस्वी और कोहली रैंकिंग में आगे बढ़े हैं, लेकिन बाबर दो पारी खेलने के बाद भी धड़ाम से नीचे गिर गए। ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को भी रैंकिंग में फायदा मिला है। वह एक स्थान आगे बढ़ते हुए 10वें नंबर पर आ गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ पहली पारी में अर्धशतक जमाने वाले पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान ने लंबी छलांग लगाई है। वह सात स्थान आगे बढ़ते हुए संयुक्त रूप से 10वें नंबर पर आ गए हैं। सउद शकील की रैंकिंग में एक स्थान का सुधार हुआ है।

## सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स एक बार फिर से ग्लोबल आउटेज का शिकार, यूजर्स ने की सर्विस डाउन की शिकायत

नई दिल्ली। पॉपुलर माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) ने आज सुबह 9 बजे के करीब एक बार फिर से ग्लोबल आउटेज का सामना किया।




इस तकनीकी गड़बड़ी के कारण एक्स की अधिकांश सर्विसेज अचानक डाउन हो गई, जिससे यूजर्स को ऐप एक्सेस करने में परेशानी हुई। भारत समेत दुनिया भर के कई देशों में लोगों ने इस समस्या का सामना किया।

आउटेज के दौरान, कई इंटरनेट यूजर्स ने एक्स सर्विस सस्पेंड होने और ऐप को एक्सेस न कर पाने की शिकायत की। डाउन डिटेक्टर, जो आउटेज को ट्रैक करता है, ने भी इस मामले की पुष्टि की है। सुबह करीब 9 बजे तक, डाउन डिटेक्टर पर 1,200 से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। यह पहली बार नहीं है जब एक्स ने ग्लोबल आउटेज का सामना किया है। अगस्त 2024 में भी प्लेटफॉर्म की सर्विसेज कुछ समय के लिए डाउन हो गई थीं, जिसके बाद यूजर्स को पोस्ट्स एक्सेस करने में कठिनाई हुई थी। आउटेज के बाद, सोशल मीडिया पर एक्स के विषय में मीम्स भी शेयर किए जाने लगे। ग्लोबल आउटेज के दौरान, जब यूजर्स एक्स को एक्सेस करने की कोशिश कर रहे थे, तो उन्हें वार्निंग देखने को मिली। हालांकि, कुछ समय के लिए सर्विसेस बाधित रहीं, लेकिन ऐप को पुनः चालू करने पर यह सामान्य रूप से काम करने लगा।

एलन मस्क ने 2022 में एक्स को 44 अरब डॉलर में खरीदा था। प्लेटफॉर्म के अधिग्रहण के बाद, मस्क ने कई बड़े बदलाव किए, जिनमें से एक महत्वपूर्ण बदलाव ट्विटर का नाम बदलकर एक्स करना था।

***ममता बोलीं- बंगाल जला तो....***

और लंबे समय से मुख्यमंत्री हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि सार्वजनिक रूप से कैसे बोलना है। मैं उनके बयान की गंभीरता से निंदा करता हूं। मैं आपको आश्वासन दे सकता हूं कि जब तक असम में भाजपा सरकार है और हिमंत बिस्व सरमा मुख्यमंत्री हैं, तब तक ममता असम में कुछ नहीं कर सकती हैं।

बंगाल भाजपा अध्यक्ष का गृह मंत्री को लिखा पत्र- सुकांत ने अमित शाह के नाम पत्र में लिखा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आज कोलकाता में ङ्गस्ष्ट के छात्र विंग को संबोधित करते हुए भीड़ को उकसाने वाला बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी बदला नहीं चाहा, लेकिन अब, जो करना है वह करो। ममता का यह बयान राज्य के सर्वोच्च पद से बदले की राजनीति का स्पष्ट समर्थन है। उन्होंने बेशर्मी से राष्ट्र-विरोधी बयान दिया है, जिसमें उन्होंने कहा कि याद रखें, अगर बंगाल जलता है, तो असम, बिहार, झारखंड, ओडिशा, और दिल्ली भी जलेंगे। यह संवैधानिक पद पर बैठने वाले व्यक्ति की आवाज नहीं हो सकती है, यह राष्ट्र-विरोधी की आवाज है। उनका बयान स्पष्ट रूप से धमकाने, हिंसा भड़काने और लोगों के बीच नफरत फैलाने का प्रयास है। अब वे इतने महत्वपूर्ण पद पर बने रहने की हकदार नहीं हैं। उन्हें तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। जनता के हर सेवक का, खासतौर से ऊंचे पद पर बैठे व्यक्ति का मौलिक कर्तव्य है कि वह शांति को बढ़ावा दे और किसी भी तरह की हिंसा को बढ़ने से रोके। ममता के विचार चिंताजनक हैं और यह पश्चिम बंगाल के नागरिकों की सुरक्षा और राज्य की अखंडता को कमजोर करता है। मैं आपसे विनम्र निवेदन करता हूं कि आप इस गंभीर मामले पर संज्ञान लें और स्थिति को संबोधित करने और कानून के शासन को बनाए रखने के लिए उपयुक्त कार्रवाई करें। मैं पश्चिम बंगाल के नागरिकों के हितों की रक्षा करने और हमारे राष्ट्र के संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए आपकी तरफ से तुरंत और निर्णायक कार्रवाई का इंतजार कर रहा हूं। कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस में छात्र संगठनों के प्रोटेस्ट मार्च के बाद भाजपा ने 28 अगस्त को 12 घंटे का बंगाल बंद बुलाया था। बंद के दौरान कई जिलों में पुलिस और भाजपा

# प्रथम पेज का शेष

समर्थकों के बीच झड़प हुई। कई नेताओं-वर्कर्स को हिरासत में लिया गया है। नॉर्थ 24 परगना जिले के भाटपारा में भाजपा नेता प्रियंगु पांडे की कार पर फायरिंग हुई। प्रियंगु ने बताया- टीएमसी के लगभग 50-60 लोगों ने हमला किया। गाड़ी पर 6-7 राउंड फायरिंग की और बम फेंके गए। ड्राइवर समेत दो लोगों को गोली लगी है।

***'रेलवे देश की जीवन रेखा,...***

और चौथी तिमाही लेवल-1 अधिकारियों के लिए आरक्षित की गई है। रोजगार की वार्षिक योजना तैयार- वैष्णव- मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रोजगार की वार्षिक योजना तैयार की गई है और वर्तमान भर्ती चक्र के लिए 45,000 रिक्तियों का विज्ञापन किया गया है। मंत्री ने कहा कि पिछले भर्ती चक्र में रेलवे में 1.54 लाख लोगों को रोजगार दिया गया।

***राज्य खेल अलंकरण पुरस्कार***

शहीद कौशल यादव पुरस्कार से सात, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से एक, शहीद पंकज विक्रम सम्मान से 15, शहीद विनोद चौबे सम्मान से पांच और मुख्यमंत्री ट्राफी से 24 चयनित खिलाड़ियों का सम्मान होगा।

***भिलाई में सीबीआई का छापा ...***

जिसे फॉर्म सीआईएसएफ-157 और स्टोर के द्वारा जारी पर्ची के रूप में जाना जाता है, जमा किया। यह भी आरोप लगाया गया कि, सीआईएसएफ फॉर्म-157 को आरोपी डिप्टी ने सत्यापित किया गया था। महाप्रबंधक, ईपीआईएल कार्य आदेशों की मूल्य अनुसूची के अनुसार, सुदृढीकरण स्टील की आपूर्ति और रखने की दर कथित तौर पर 70,000/- रुपये प्रति मीट्रिक टन तय की गई थी। इस प्रकार, एक निजी फर्म के आरोपी भागीदार ने कथित तौर पर 84,05,880/- रुपये का गलत लाभ प्राप्त किया। जाली चालान जमा करके और ईपीआईएल को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाया।

***आरबीआई गवर्नर दास ने वित्तीय...***

का निवेश प्राप्त हुआ है। इस सम्मेलन के मुख्य विषयों में वित्तीय क्षेत्र के लिए भविष्य प्रौद्योगिकी से जुड़े मुद्दे और फिनटेक के लिए नियामकीय व्यवस्था शामिल है। तीन दिन के इस सम्मेलन में बैंकिंग, फिनटेक, विनियामकीय संगठन और आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र के प्रतिनिधियों और नीति नियामकों सहित करीब 800 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

***आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत...***

स्वास्थ्य और अन्य विभागों जैसी स्थानीय एजेंसियों की भी भागेदारी होती है। यानी जिस स्थान पर कार्यक्रम के लिए भागवत जाएंगे पहले से ही एक टीम मौके का निरीक्षण करने के लिए जाएगी। उसके बाद ग्रीन सिग्नल मिलेगा फिर उन्हें वहां जाने की इजाजत दी जाएगी।

***फिलहाल पाल सकेंगे तोते : छत्तीसगढ़***

कार्यवाही किया जाना है। परन्तु तोतों एवं अन्य पक्षी जो घरों में पाले गए है, उनके संबंध में इस कार्यालय द्वारा 23 अगस्त के तहत जारी निर्देशों पर भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली एवं वन्यप्राणी प्रभाग से आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन लिए जाने तक कार्यवाही स्थगित रखा जाएगा।

***कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों ...***

घायल हो गए थे। 11 जून को जम्मू संभाग के कठुआ के अंतर्गत एक गांव में आतंकियों ने हमला किया। हालांकि, सेना के जवानों ने इस मुठभेड़ में दो आतंकियों को मार गिराया था। इन आतंकी हमलो के बाद जम्मू-कश्मीर में तत्काल प्रभाव से सुरक्षाबलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने घने जंगलो व पहाड़ों के बीच सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया था।

***युद्ध, नक्सलवाद से ज्यादा सड़क ...***

उन्होंने यह भी कहा कि दुर्घटनाओं की संख्या कम करने के लिए हमें लेन अनुशासन का पालन करने की जरूरत है। गडकरी ने कहा कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय एंबुलेंस और उसके ड्राइवरों के लिए कोड तैयार कर रहा है, ताकि उन्हें सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को तत्काल बचाने के लिए कटर जैसी मशीनरी का उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया जा सके।

## हॉकी इंडिया ने किया 18 सदस्यीय पुरुष टीम का एलान, कृष्ण बहादुर पाठक बने मुख्य गोलकीपर

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपना प्रभाव छोड़ने के लिए तैयार है। आठ से 17 सितंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए हॉकी इंडिया ने बुधवार को 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत के अलावा टूर्नामेंट में कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और मेजबान चीन भाग लेंगे।



भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश के संन्यास के बाद आगामी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कृष्ण बहादुर पाठक को भारतीय हॉकी टीम का मुख्य गोलकीपर बनाया गया है। श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने के बाद हॉकी को अलविदा कह दिया था। पेरिस ओलंपिक में भारत के स्टैंडबाय गोलकीपर रहे पाठक अब मुख्य गोलकीपर होंगे, जबकि सूरज करकेरा रिजर्व गोलकीपर रहेंगे। अनुभवी मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद को उपकप्तान बनाया गया है। नियमित उपकप्तान हार्दिक सिंह, मनदीप सिंह, ललित उपाध्याय, शमशेर सिंह और गुरजंत सिंह को आराम दिया गया है। भारत के उदीयमान ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह जूनियर के लिए भी यह सुनहरा मौका होगा। वह प्रो लीग में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके हैं। अराइजीत सिंह हुंडल टीम में तीसरे ड्रैग फ्लिकर होंगे। डिफेंस का जिम्मा जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय और सुमित पर होगा। वहीं मिडफील्ड में राजकुमार पाल, नीलाकांत शर्मा, मनप्रीत सिंह और मोहम्मद राहील होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में अभिषेक, सुखजीत सिंह, हुंडल, जूनियर टीम के कप्तान उत्तम सिंह और गुरजोत सिंह रहेंगे।

पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता टीम के 10 सदस्य इस टीम में हैं। भारतीय टीम आठ सितंबर को चीन के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। इसके बाद जापान (नौ सितंबर), मलेशिया (11 सितंबर), कोरिया (12 सितंबर) और पाकिस्तान (14 सितंबर) से खेलना है। सेमीफाइनल 16 सितंबर को और फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा।

# डायरिया से संक्रमित बच्चों की मौत, विधायक ने पीड़ित परिजनों से की मुलाकात, बंधाया ढांढस

अम्बागढ़ चौकी(दावा)। गत दिवस मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में बहुत ही दुखद घटनाक्रम घटित हुआ जिसमें दो स्कूली छात्रा जो छात्रावास में रहकर अध्ययनरत थी को डायरिया संक्रमण ने मौत के मुंह निगल लिया।

ज्ञात हो की जिला मुख्यालय मोहला के प्री-मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में अध्ययनरत दो-दो आदिवासी छात्राओं की रक्षाबंधन के दिन उल्टी दस्त से पीड़ित होने के दौरान घर में मौत हो गई थी। परिजनों के मुताबिक बच्चे छात्रावास में रहने के दौरान ही उल्टी दस्त से पीड़ित थी और रक्षाबंधन के दिन अकाल मृत्यु से दम तोड़ दिया। जिसमें कन्या छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही कक्षा सातवीं की छात्रा मान्यता अमरिया ग्राम मोहड़



विकासखंड चौकी की रहने वाली थी तथा कक्षा दसवीं में अध्ययनरत सपना जाड़े ग्राम परालझरी (टोहे) विकासखंड मानपुर की रहने वाली थी। परिवार के ऊपर पहाड़ टूटने के बराबर दुख के घड़ी में विधायक ने चौकी विकासखंड के ग्राम मोहड़ में स्वर्गीय मान्यता अमरिया के परिवार से गत शनिवार को मुलाकात किया एवं दुख के घड़ी में ढांढस बताया, मृतक के पिता ठेलसिंह अमरिया ने विधायक को बताया की उनके दो बच्चे है जिसमें मान्यता मोहला में पढ़ाई कर रही थी जो होनहार थी पर वक्त को कुछ और ही मंजूर था।

इसी तरह विधायक ने सोमवार को मानपुर विकासखंड के परालझरी में रामसाय जाड़े के परिवार से मुलाकात किया। रामसाय ने बताया की स्वर्गीय सपना जाड़े मोहला में कक्षा दसवीं की छात्रा थी जो छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही थी बच्ची छात्रावास में ही उल्टी दस्त से संक्रमित थी जो राखी के त्यौहार में घर राखी बांधने आई थी और उसी रात पहट उन्होंने अंतिम सांस ली। पीड़ित पिता ने बताया की उनके चार बच्चे थे जिसमे तीन बच्चे पहले ही अकाल मृत्यु से स्वर्ग सिधार गए है अभी एक बेटी है। विधायक ने परिवार के साथ वक्त बिताया एवं सांत्वना दिया तथा दुख के घड़ी में किसी भी प्रकार से समस्या होने पर हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दिनेश शाह मंडावी, लच्छू साबले, अवध चुरेंद्र, देवानंद कौशिक, उपेंद्र मिश्रा, ऋषि सहारे, मोहन धुर्वे सहित परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रयास विद्यालय के लिए कल्लूबंजारी के छात्र रोमी रंगारी चयनित

**कल्लूबंजारी (दावा)। छुरिया विकास खंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के होनहार छात्र रोमी कुमार रंगारी के प्रयास आवासीय विद्यालय पाटन(दुर्ग) के लिए चयनित होने पर शाला, परिवार व ग्राम में हर्ष का माहौल व्याप्त है।**

शाला के शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी ने बताया कि छात्र रोमी कुमार रंगारी पिता हेमंत कुमार रंगारी बननवागांव (साल्हे) का निवासी है। वह अपने नाना-नानी के घर ग्राम दामाबंजारी में रहकर माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी में कक्षा छठवीं से आठवीं तक नियमित छात्र के रूप में अध्ययन किया जो कि हमारे मार्गदर्शन में प्रयास विद्यालय में प्रवेश हेतु परीक्षा दिलाया था। जिसमें



**शिक्षकों का मार्गदर्शन एवं छात्र का मेहनत रंग लाया**

अच्छा रैंक प्राप्त करने पर प्रयास आवासीय विद्यालय पाटन दुर्ग के लिए चयनित हुआ है। रोमी कुमार रंगारी प्रारंभ से ही प्रतिभावान छात्र रहा है। पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी विशेष रूचि रखता है। विद्यालय के सभी गतिविधियों में उनका अच्छा भागीदारी रहता था।

श्री कुरेटी ने बताया कि इस शाला से पिछले सत्र में दो छात्रों का एवं उसके पूर्व भी दो छात्रों का प्रयास विद्यालय के लिए चयन हुआ था। इस तरह से इस शाला से अब तक पांच छात्रों का प्रयास विद्यालय के लिए चयन हो चुका है।

प्रयास में चयनित छात्र-छात्राओं को भावी इंजीनियर या भावी डॉक्टर बनने के लिए तैयार किया जाता है तथा इसके लिए प्रयास विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा, आवास, बस्ता, गणवेश, भोजन की सुविधा दी जाती है। प्रयास से निकलकर छात्र इंजीनियर या डॉक्टर की कोर्स करते है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को राहत मिलती है।

शानदार उपलब्धि पर छात्र रोमी कुमार रंगारी को सरपंच डोमेन कुमार पटेल, ग्राम पटेल राजकुमार पटेल, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुशील कुमार कंवर, पालक संघ के अध्यक्ष दिलहरण पटेल, पाक्सो निगरानी समिति के अध्यक्ष भवन सिंह ठाकुर, संकुल प्राचार्य गौतरहीन कुंजाम, संकुल समन्यक मूलचंद मंडावी, प्रधानपाठक यू.एस. मंडावी, शिक्षकगण दिनेश कुमार कुरेटी, तिलक राम बढ़ई, शोभराय कार्ते, रोमन कुमार साहू, गीता कन्नौजे, चुम्मन लाल भुआर्य एवं जगन्नाथ नेताम ने बधाई दी है।

## अवैध रूप से शराब बिक्री करते युवक को पकड़ा पुलिस ने

डोंगरगढ़(दावा)। ग्राम देवकट्टा निवासी चन्द्रेश घोघरे नामक व्यक्ति जो अपने घर में अवैध रूप से धन अर्जित करने हेतु शराब बिक्री कर रहा था,को पुलिस द्वारा पकड़ा गया। आरोपी के घर के पास पहुंचकर पुलिस द्वारा घेराबंदी किया गया। जहां आरोपी एक कपडे के थैला लिये खड़ा था जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम चन्द्रेश घोघरे पिता नारायण घोघरे उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम देव कट्टा थाना डोंगरगढ का रहने वाला बताया।

पंचनामा तैयार कर आरोपी के घर की तलाशी लेने पर कमरे के पलंग के नीचे में एक सफेद रंग के थैला में रखे 16 पौवा सिन्डीकेट अंग्रेजी शराब सीलबंद को आरोपी के कब्जे से समक्ष गवाहान के बरामदगी पंचनामा तैयार कर बरामद किया गया।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने विधायक श्रीमती बघेल को ज्ञापन सौंपा

**डोंगरगढ़(दावा)। शिक्षा विभाग द्वारा जारी युक्तियुक्तकारण के निर्देशों से प्रदेश के शासकीय स्कूलों की अध्यापन व्यवस्था चौपट होने, शिक्षकों में अफरातफरी मचने, शाला प्रबंधन समिति व स्थानीय निकाय व पालकों की सहमति नहीं लिए जाने से जनमानस में आक्रोश जनित होने की आशंका से विधायक को अवगत कराया गया व इस प्रक्रिया को स्थगित कराने हेतु विधानसभा में आवाज़ उठाने की मांग की गई।**



संघर्ष मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे ने बताया की चरणबद्ध आंदोलन के दूसरे चरण में प्रदेश के समस्त जनप्रतिनिधियों को मोर्चा द्वारा निर्धारित मांग पत्र ज्ञापन सौंपा जाना है। इसी परिपेक्ष में विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल से मिलकर युक्तियुक्त कारण के निर्दोषों की कमियों को बताते हुए युक्तियुक्तकरण को तत्काल स्थगित करने की मांग की गई।

### प्रशासन के तुगलगी आदेश से प्रदेश के 4000 स्कूल बंद होंगे

ज्ञापन में कहा गया है कि, प्रदेश के इस प्रक्रिया से प्रदेश के 4000 से अधिक स्कूल बंद हो जायेंगे तथा इन स्कूलों के सफाई कर्मचारी व रसोईया के सेवा पर प्रश्नचिन्ह लग जायेगा अर्थात वे बेरोजगार हो जाएंगे। शिक्षकों की पदोन्नति नहीं होगी तथा यह सरकार सत्ता में आने के पूर्व 32000 शिक्षकों की भर्ती की गारंटी थी, उस पर पर प्रश्नचिन्ह लग गया।

मोर्चा के प्रांतीय पदाधिकारी राकेश तिवारी जिला संयोजक गोपी वर्मा, अमिताभ दुफारे, हीरालाल मोर्य, मनीष पसीने, मनीष बडोले पुरुषोत्तम रामटेके, चुम्मन देवांगन, सीताराम उइके ने सरकार से उपरोक्त मांगों पर जल्द से जल्द निर्णय लेने की मांग की है।

### विभिन्न चरणों में किया जाएगा प्रदर्शन

आगे बताया गया कि प्रथम चरण में कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री व शिक्षा शिक्षा सचिव तथा डीपीई संचालक के नाम ज्ञापन सौंपा गया। दूसरे चरण में मंत्रिमंडल व सांसद विधायकों व जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा जा रहा है। अगले चरण में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय संचालक गण 2 से 3 अगस्त के बीच सचिव व डीपीई संचालक से मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे तथा मुख्यमंत्री से प्रत्यक्ष मुलाकात हेतु भी मोर्चा संचालक ने समय की मांग किया है। इन सब से भी यदि बात ना बनी तो प्रदेश के शिक्षक सड़क की लड़ाई लड़ने हेतु तैयार है।

# श्री सिद्धिविनायक अंबेधाम में 10 दिवसीय भंडारा के साथ मनेगा गणेश उत्सव

**राजनांदगांव (दावा)। शहर की विशिष्ट परंपरा के अनुसार गणेश उत्सव की तैयारी व्यापक तौर से की जा रही है। इसी कड़ी में श्री सिद्धिविनायक अंबे धाम मंदिर जनता कॉलोनी लखोली में समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार 10 दिवस तक भंडारा आयोजित करके प्रथम पूज्य देवता का जन्म उत्सव मनाया जाएगा।**



**लखोली जनता कॉलोनी के श्री सिद्धिविनायक अंबे धाम मंदिर में रहेगी धूम**

समिति के अध्यक्ष संजय सरोदे और उपाध्यक्ष गप्पू सोनकर (पार्षद वार्ड क्रमांक 31 ) ने समवेत तौर से बताया कि इस मंदिर में वर्ष भर समय-समय पर विशेष आयोजन होते रहते हैं। फिर तो श्री सिद्धिविनायक अंबे धाम में गणेश उत्सव का कहना ही क्या? जनता कॉलोनी ही नहीं आसपास के श्रद्धालुओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहता है। आगामी 7 सितंबर गणेश चतुर्थी से शुरू हो रहे है। गणेश उत्सव की अनंत चतुर्दशी तक धूम रहेगी।

प्रतिवर्षानुसार इस बरस भी 10 दिन तक हर शाम 7:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक भंडारा प्रसादी का महाआयोजन होगा। सुबह शाम नियमित आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। मंदिर को विशेष ढंग से सजाया जाएगा। गणेश उत्सव को अविस्मरणीय बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित सचिव मोहन सिंह राजपूत संरक्षणगण, महेश अग्रवाल, राजेंद्र लड्ढा, टी आर ठाकुर, राजेंद्र श्रीरंगे और उभेलाल सोनकर सहित सदस्यगण भिड़े हुए हैं।

# राष्ट्रीय पोषण माह में सभी अधिकारी सहभागिता दें - कलेक्टर अग्रवाल

**राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में पोषण अभियान अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता संबंधी प्रभावी व्यवहार परिवर्तन के लिए जनआंदोलन के रूप में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है।**



**राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन**

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन 1 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समन्वित तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। पोषण माह के प्रभावी सुचारू एवं परिणाममूलक आयोजन के लिए सभी को सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के अंतर्गत ग्राम स्तर पर विभिन्न गतिविधियां संचालित करने के लिए कहा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राष्ट्रीय पोषण माह 2024 अन्तर्गत एक से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत एनीमिया कैम्प आयोजन, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी, समग्र पोषण थीम पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों में विभागों को शामिल होने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नैतराम नवरतन, उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# थैलीटोला में गोस्वामी तुलसीदास जन्मोत्सव में शामिल हुए विधायक भोलाराम साहू



छुरिया (दावा)। ग्राम पंचायत पठानढोड़गी के आश्रित ग्राम थैलीटोला में आयोजित दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय श्री गोस्वामी तुलसीदास जन्मोत्सव एवं मानस महोत्सव के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि विधायक खुज्जी भोलाराम साहू शामिल होकर प्रभु श्री राम से क्षेत्र की जनता की खुशहाली के लिए कामना करते हुए पूजा अर्चना किए एवं थैलीटोला (पठानढोड़गी) के समस्त ग्रामवासियों को 'मानस महोत्सव' के आयोजन पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों ने विधायक भोलाराम साहू को गुलाल फूलमाला पहनाकर, प्रतीक चिन्ह, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। खुज्जी विधायक भोला राम साहू ने ग्राम थैलीटोला मे महिला सामुदायिक भवन का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान मनोज निषाद सरपंच, लालचंद साहू, श्रीमती पुष्पा सिन्हा, हुकूमचंद साहू, शोभाराम यादव, खिलावन साहू, पन्नालाल साहू, गणेश पटेल, त्रिलोचन साहू, ठाकुर राम चंद्रवंशी, सदानंद दुबे, फूलसिंह यादव,जामवंत साहू, ग्वाला प्रसाद यादव एवं श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के सभी सदस्य तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

# फोटोग्राफी कला-कौशल प्रदर्शन का श्रेष्ठ आयाम- द्विवेदी

**राजनांदगांव (दावा)। प्रमुख मानवीय शौक तथा विशेष तकनीक कला को समर्पित विश्व फोटोग्राफी दिवस के विशिष्ट परिप्रेक्ष्य में नगर के विचारप्रज्ञ व्यक्तित्व डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने चिंतन विमर्श में बताया कि फोटोग्राफी मानवीय हुनर-कला को सहज-सुंदर-सुदृश्य में प्रदर्शित करने वाला एक प्रशंसनीय आयाम है। जिसके लिए प्रारंभ से ही कैमरे का प्रयोग होते आया है।**



फोटोग्राफी व्यवसायिक कर्म-कार्य के साथ-साथ कला प्रेमी व्यक्तियों के लिए खास महत्व रखता है। विशेषकर जो प्रकृति के अनुपम-अद्भुत-अनूठे सौंदर्यधारित प्राकृतिक वादियों के नजारों एवं नित्य जीवनचर्या के खुशहाल मनोहारी पलों के सुदृश्यों को कैमरे में कैद कर लेना पसंद करते है। वास्तविकता में फोटोग्राफी आम-खास सभी के लिए अपनी कला दक्षता को प्रदर्शित करने का एक सरल मौका अवसर प्रदत्त करती हैं। इसकी विशिष्टता है जो बिना शब्दों के कैमरे की सहायता से मानवीय अंतर्तम्य केन्द्रित सृजित-कल्पित तथ्यों को सुदृश्य रूप में बयां करने का श्रेष्ठ-श्रेयष्कर अवसर भी प्रदान करती हैं।

उल्लेखनीय है कि 9 जनवरी 1839 में संसार में फोटोग्राफी की ट्रेकिक तकनीकी का आविष्कार हुआ, आगे एक से एक कैमरे आते गए। पहले श्वेत-श्याम फोटो ग्राफी, फिर रंगीन फोटोग्राफी का बेहद उत्साह भरा जमाना आया और वर्तमान समय में तो मोबाईल कैमरा आ जाने से प्रायः अधिसंख्य जन-जन को फोटोग्राफर बना दिया है। सैल्फी फोटोग्राफी ने तो अखिल विश्व में धूम मचा दी है और फोटो ग्राफी के डिजिटल स्वरूप ने तो संपूर्ण मानवीय सभ्यता को चमत्कृत कर रखा है।

डॉ. द्विवेदी के अनुसार मूलतः फोटोग्राफी ब्रम्हाण्ड के जीवंत ग्रह पृथ्वी की प्रकृति अनुकूलित वादियों में रची-बसी, देश-दुनिया को कैमरे की नजर से देखने का एक नया तरीका सिखाती हैं। वस्तुतः जब आप कैमरे की नजर से दुनिया को देखना शुरू करते हैं तो अलग ही दुनिया दिखती हैं, जो बहुत-बहुत ही खुबसूरत नजर आती है।

फोटोग्राफी एक उत्कृष्टम और विशुद्ध रचनात्मक कार्य-प्रक्रम है। जो कैमरे से मानवीय कौशल को कला विशिष्टता से प्रदर्शित करने का प्रादर्श सुअवसर देता है। आइये प्रकृति के सौंदर्य वादियों और जन-जीवन की सुखद स्मृतियों को संजोने के लिए सरल-सरस स्वरूप फोटोग्राफी को अपनी हॉबी-शौक बनायें। यही फोटोग्राफी दिवस का श्रेष्ठ संदेश है।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे नागपुर मंडल ने यूपीएस नयी पेंशन योजना पर ली प्रेस कांफ्रेंस

**राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा 26 अगस्त को यूपीएस नयी पेंशन योजना से सम्बंधित प्रेस कांफ्रेंस में निम्न जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक जी.वि. जगताप व मंडल कार्मिक अधिकारी उदय कुमार भारती, व.मं.वित्त प्रबंधक बी. श्रीधर तथा व मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह उपस्थित थे।**




यूपीएस की प्रमुख विशेषताएं हैं- यूपीएस 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। इसे 2004 के बाद रिटायर्ड हुए सरकारी कर्मचारियों पर भी पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू किया जाएगा। निश्चित पेंशन यूपीएस, केंद्र सरकार के कर्मचारियों को तय पेंशन मिलेगी, केंद्रीय कर्मचारी को उसके रिटायरमेंट से पहले के 12 महीनों की औसत बेसिक सैलरी का 50 प्रतिशत पेंशन के तौर पर मिलेगा। उदाहरण के तौर पर किसी की आखिरी औसत सैलरी 60 हजार थी तो उसे 30 हजार पेंशन मिलेगी, हालांकि इसके लिए 25 साल की न्यूनतम सेवा जरूरी है। निश्चित पारिवारिक पेंशन अगर किसी कर्मचारी को रिटायरमेंट के बाद पेंशन मिल रही है और उसकी मौत हो जाती है तो उसके परिवार को पेंशन का 60 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा, आसान भाषा में कहें तो यदि किसी कर्मचारी को 10000 रुपये पेंशन मिल रही है और उसका निधन हो जाता हैए तो परिवार को 6000 रुपये पेंशन मिलेगी। इसके अलावा डियरनेस रिलीफ का लाभ भी मिलेगा।

रिटायरमेंट के बाद ग्रेच्युटी के अलावा कर्मचारियों को एक लमसम अमाउंट भी मिलेगा, हर कर्मचारी को उसकी 6 महीने की नौकरी पूरी करने पर इन महीनों की सैलरी और डीए का 10 प्रतिशत लमसम के तौर पर मिलेगा।

### अगर 25 साल से कम नौकरी है तो कितनी पेंशन मिलेगी

अगर किसी कर्मचारी की सेवा 25 साल से कम और 10 साल से ज्यादा है तो भी उसे मिनिमन 10 हजार रुपये पेंशन मिलेगी, जैसे किसी कर्मचारी ने 11 साल की नौकरी के बाद रिटायरमेंट ले लिया और उस वक्त उसकी बेसिक सैलरी 20 हजार ही थीए इस केस में भी उसे 10000 रुपये महीने पेंशन मिलेगी ही, साथ ही इसमें महंगाई भत्ता भी जुड़ेगा, पेंशन कई गणना आनुपातिक की जायेगी।

### क्या राज्य सरकार के कर्मचारी भी इसके दायरे में आएंगे-

यूपीएस, फिलहाल केंद्र सरकार के कर्मचारियों पर लागू होगी, जिनकी संख्या करीब 23 लाख के आसपास है, केंद्रीय कर्मचारियों को यूपीएस और एनपीएस में से कोई एक स्कीम चुनने का विकल्प होगी, राज्य सरकारें भविष्य में इस योजना को अपना यहां लागू कर सकती हैं।

### जो रिटायर हो गए हैं क्या उन्हें भी लाभ मिलेगा

केंद्र सरकार के मुताबिक लाभ उन केंद्रीय कर्मचारियों को भी मिलेगा, जो 2004 के बाद से अंतर्गत थे और रिटायर हो चुके हैं, सरकार के मुताबिक ऐसे केंद्रीय कर्मचारी जो 31 मार्च 2025 तक सेवानिवृत्त होने वाले हैं या हो चुके हैं, उन्हें इसका लाभ मिलेगा, ऐसे कर्मचारियों ने जो भी पैसा निकाला है, उसे समायोजित करने के बाद बकाया एरियर दिया जाएगा, सरकार के मुताबिक एरियर का पैसा देने के लिए 800 करोड़ रुपये मंजूर किये गए हैं। नई स्कीम में महंगाई भत्ते का भी प्रावधान है। इसका मतलब है कि समय के साथ कर्मचारी की पेंशन का मूल्य घटेगा नहीं। महंगाई के हिसाब से कर्मचारी की पेंशन में बढ़ोतरी होती रहेगी।

# आकांक्षी ब्लॉक अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अं.चौकी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

मोहला (दावा)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.आर.आर. धुर्वे की अध्यक्षता में विकासखंड के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटजी के तहत सभी ए.एन.एम, आर.एच.ओ, सी.एच.ओ. सुपरवाईजर का क्षमता निर्माण हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अं.चौकी में रखा गया। प्रशिक्षण में श्रीमती सविता साहू आकांक्षी ब्लॉक फेलो एवं प्रशिक्षण में सभी चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में डॉ. आर.आर. धुर्वे खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अं.चौकी द्वारा गर्भवती माताओं का पंजीयन के बारे में विस्तार से जानकारी दिया एवं 3 माह के अंदर पंजीयन करने के बारे में जानकारी दिया गया। हितग्राही को आयरन गोली, इंजेक्शन, टी.बी., बी.पी, शुगर,



वजन, हाई रिस्क के बारे में जानकारी दिया गया।

डॉ. प्रणय प्रधान चिकित्सा अधिकारी द्वारा संस्थागत प्रसव, जन्म के बाद बच्चों में कम वजन कुपोषण के बारे में जानकारी दिया गया। डॉ. गुलशन नेताम चिकित्सा अधिकारी द्वारा उच्च रक्तचाप की जांच एवं उपचार के बारे में प्रशिक्षण दिया गया तथा क्षेत्र में जाकर ग्रामीण जनता को सेवा प्रदान करने के बारे में जानकारी दिया गया।

डॉ.दीक्षाणी खुटाटे चिकित्सा अधिकारी द्वारा मधुमेह की जांच एवं उपचार के बारे में अधिक से अधिक लोगों का पंजीयन एवं उपचार के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। देवसिंग कंवर एस.टी.एस. टीवी के द्वारा शंकाप्रद टी.बी. मरीज का पंजीयन का उपचार के बारे में बताया गया। ग्राम में सरपंच एवं पांच मितानिन एवं ग्रामीण जनता को टी.बी. के बारे में गांव में जाकर लक्षण के बारे में बताने की जानकारी दिया गया। साथ ही मरीज धानात्मक आने पर शिघ्र उपचार करने कहा गया। कार्यक्रम में विनोद यादव बी.पी.एम, जी.एस.रामटेके एन.एम.ए., अजय पल्लीवार सुपरवाईजर एवं समस्त सीएचओ, ए.एन.एम., आर.एच.ओ. उपस्थित रहे।

# 'आयुष्मान कार्ड' धारकों के लिए अच्छी खबर, अब 10 लाख तक का मुत करा सकेंगे इलाज

## साय सरकार कर रही बड़ी तैयारी

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए स्वास्थ्य सुविधा में बड़े बदलाव की योजना बना रही है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, वर्तमान में शहीद वीरनारायण सिंह योजना और आयुष्मान योजना के तहत गरीब परिवारों को 5 लाख रुपए तक का इलाज प्रदान किया जा रहा है। अब सरकार इस राशि को बढ़ाकर 10 लाख रुपए करने जा रही है, जो कि सरकार के घोषणा पत्र के वादे के अनुसार किया जा रहा है।

वर्तमान में आयुष्मान योजना के तहत गरीब परिवारों को सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त में उपलब्ध कराया जाता है। इस राशि को बढ़ाकर 10 लाख रुपए करने की योजना के तहत, मरीजों को अधिक वित्तीय सहायता प्राप्त होगी, जिससे चिकित्सा सेवाओं की पहुंच और भी बेहतर होगी।




### मिडिल क्लास परिवारों को 1 लाख रुपए का मिलेगा स्वास्थ्य लाभ

स्वास्थ्य मंत्री ने विभाग के अधिकारियों ने इस प्रस्ताव को तैयार करने के निर्देश दिए हैं और इसे लागू करने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। इसके साथ ही, मिडिल क्लास परिवारों के लिए मौजूदा चिकित्सा सुविधा 50 हजार रुपए तक की है, जिसे 1 लाख रुपए तक बढ़ाने की संभावना जताई जा रही है। छत्तीसगढ़ में लगभग 56 लाख गरीब परिवार और 8.82 लाख मध्यमवर्गीय परिवार हैं।

इन सभी परिवारों के इलाज के लिए दी जाने वाली सहायता को दोगुना करने की योजना बनाई जा रही है, जिससे स्वास्थ्य सेवा की पहुंच और बेहतर हो सके। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस प्रस्ताव को जल्द लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

# कोतवाली पुलिस ने महिला का गुमा पर्स खोज कर लौटाया

## पुलिस को दिया गया धन्यवाद

राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में एक महिला के गुम पर्स को खोजकर उसे ससम्मान लौटाया है। इससे उक्त महिला ने कोतवाली पुलिस की सजगता व तत्परता सहित ईमानदारी की प्रशंसा करते हुए उनका धन्यवाद ज्ञापित ज्ञापन किया है।

बता दें कि सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा लोगों के मोबाइल और पैसे तथा गहने आदि गुमने के आवेदनों पर बड़ी संख्या में कार्यवाही कर लोगों को उनकी गुमी चीजें कई बार लौटाई गई है। इसी कड़ी में एक महिला का पर्स बस में यात्रा करते समय गुम गया था। जिसमें नगदी व गहने समेत हजारों रुपए थे। जिन्हें पुलिस ने संक्षिप्त अभियान चलाकर बसों की चेकिंग की। जिसमें उन्हें उक्त महिला का गुमा पर्स बस के अंदर सीट के नीचे मिला। जिसे आवेदिका को लौटाया गया।




अपना गुमा धन वापस पाकर महिला ने कोतवाली पुलिस को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 27 अगस्त को प्रार्थियां श्रीमती कस्तुरी अग्रवाल पति अजय अग्रवाल उम्र 52 वर्ष निवासी डोंगरगांव जो डोंगरगांव से बस में बैठकर राजनांदगांव आई थी और अपने पास रखी पर्स व नगदी 25 हजार रूपये एवं 2 नग चांदी के सिक्के को पर्स सहित गुम जाने की सूचना थाना कोतवाली में आकर दी गई। प्रार्थियां किस बस में बैठकर राजनांदगांव पहुंची थी। इसकी जानकारी उसे नहीं थी। किंतु उक्त सूचना पर थाने से तत्काल पुलिस स्टॉफ भेजकर डोंगरगांव से राजनांदगांव आई बसों को चौक-चौराहों में लगे सीसीटीव्ही के फुटेज के माध्यम से चेक करने पर उक्त महिला भदौरिया चैक के पास बस क्रमांक सीजी.-07/एल.पी.-9529 हरिओम ट्रेवल्स की बस से उतरते दिखाई दी।

किन्तु अपने साथ पर्स लेकर उतरते दिखाई नहीं दे रही थी। उक्त बस के कण्डेक्टर डिम्पल साहू को तलाश कर पूछताछ कर बस को चेक कराया गया तो जिस सीट पर बैठी थी, उसी सीट के नीचे महिला का पर्स गिरा हुआ था। पर्स में महिला का नगदी रकम 25 हजार रूपये व चांदी के 02 नग सिक्के सुरक्षित रखा था। जिसे ढुंढकर प्राथियां को सौपा गया। जिस पर प्रार्थियां द्वारा कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्यवाही से खुश होकर सभी स्टाफ को धन्यवाद दिया गया।

# तीज पर बहनों को उपहार में फलदार पौधे देंगे भाई, बहनें इसे लगाएंगी



राजनांदगांव (दावा)। इस तीज के अवसर पर एक नए अभियान की शुरुआत की जा रही है। छह और सात सितंबर को दो दिनों में पौधरोपण के लिए अभियान चलेगा। तीज के अवसर पर गांव पहुंचने वाली बहनों को भाई उपहार के रूप में दो फलदार पौधे सौंपेंगे। तीज के दिन बहनों के द्वारा आम व नींबू के पौधे लगाए जाएंगे। करीब 35 गांवों में इस अभियान को चलाया जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि करीब चार हजार पौधे इस अभियान के माध्यम से रोपे जाएंगे।

बहिनी के नाम रखा गया है। हरियाली पर बहनों के द्वारा जुलाई से पौधरोपण का अभियान जारी रखा गया है। इस बार तीज के अवसर पर छुरिया, मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़ के गांवों में नए अभियान की शुरुआत तीज के अवसर पर की जा रही है। इस अभियान से जुड़े शिव देवांगन ने बताया कि 35 गांवों में यदि 75 बहनों ने भी अभियान में सहयोग किया तो दो पेड़ों के हिसाब से चार हजार से अधिक फलदार पौधों का रोपण हो जाएगा। इसके लिए गांवों में तैयारी की जा रही है। ग्राम स्तर पर बैठकें हो रही है। ताकि ज्यादा से ज्यादा बहनों की सहभागिता हो सके। कई बहनें स्वयं तीज पर अपने मायके में पौधे लेकर जाएंगे। फलदार पौधों में 90 फीसदी आम और 10 फीसदी नीबू के पेड़ों को शामिल किया जा रहा है।

### 150 गांवों में जुलाई से चल रहा अनूठा अभियान

इसके अलावा हरियाली बहनों का एक अनूठा अभियान 150 गांवों में जारी है। इसमें ग्राफ्टिंग के जरिए पौधे लगाए जा रहे हैं। इस अभियान में दो हजार से ज्यादा महिलाएं जुड़ी हुई हैं। हर बहनों को 10 पेड़ों का लक्ष्य दिया गया है। इसमें आम के पौधों पर फोकस किया गया है।

ताकि आने वाले समय में इससे आय भी अर्जित हो सके। फलदार पौधों को रोपकर एक नया मॉडल स्थापित करने का प्रयास है। है। अभियान में 20 हजार पौधे रोपे जा चुके चुके हैं। 1200 से अधिक परिवार भी जुड़े हैं। राजनांदगांव. छुरिया क्षेत्र में हरियाली को लेकर बहनों का अभियान जारी है।

# विघटनकारी व अलगाववादी तत्वों से कढ़ाई से निपटा जायेगा-संतोष पाण्डेय

राजनांदगांव (दावा)। पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर हुई व्यापक बैठक को संबोधित करते हुये क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि हमारे पड़ोसी मुल्क बंग्लादेश में हुई घटना के बाद देश के भीतर अलगाववादी व विघटनकारी तत्व फिर से सिर उठाने की कोशिश कर रहे है। उन्हे यह नहीं भूलना चाहिये कि भारत की बहुमत जनता न्यायप्रिय, शांतिप्रिय व लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास करती है, फिर देश में एनडीए व भाजपा के नेतृत्व में लोकतांत्रिक सरकार कार्यरत् है जिससे उनके मनसूबे पूरे होने वाले नहीं है।




भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे ने सदस्यता अभियान को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुये कहा कि एक दशक बाद पार्टी नये सिरे से सदस्यता अभियान आगामी 02 सितम्बर से प्रारंभ करने जा रही है, इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई-दिल्ली में एक समारोह के साथ सदस्यता अभियान की शुरुआत करेंगे इसके बाद सभी के सदस्य बनने का मार्ग प्रशस्त हो जायेगा। उन्होंने कहा कि ''सशक्त भाजपा से ही समृद्ध भारत की नींव'' डाली जा सकती है। भाजपा जितनी मजबूत होगी, देश का आर्थिक विकास भी उतना ही बलशाली होगा। हम विश्व की पॉचवी बड़ी अर्थव्यवस्था तो बन ही चुके है, आने वाले समय में हम विश्व की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में एक होगें, यह किसी जादुई स्वप्न से कम नहीं है। यह सब इसलिये संभव हो पाया कि इस देश में भाजपा मजबूत है व उनके नेतृत्व में पिछले एक दशक से भारत का नेतृत्व हो रहा है। मोदी जी दुनिया के सबसे सफल राजनेताओं में शुमार है, विश्व के किसी भी कोनें में कोई संकट हो तो सारी महाशक्तियॉ उसके समाधान की उम्मीद भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी की ओर देखते है।

श्री पांडे ने सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं से सक्रिय होने का आव्हान करते हुये कहा कि पूरे देश में 10 करोड़ से अधिक सदस्यों को भारतीय जनता पार्टी के झण्डे के तले जोड़ना है। इसके लिये यह आवश्यक है कि कार्यकर्ता गॉव-गॉव, बूथ-बूथ, मोहल्ले-मोहल्ले जाकर एक-एक व्यक्ति से संपर्क कर उन्हें पार्टी की सदस्यता से जोड़ने का महती कार्य करें, ताकि पार्टी को मजबूत बनाया जा सकें व विघटनकारी व अलगाववादी तत्वों को करारा जवाब दिया जा सकें। बैठक के पश्चात् सांसद श्री पाण्डे ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भोजन ग्रहण किया व पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता से करीब दो घंटे कार्यालय में रूककर मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना व सदस्यता अभियान के लिये आने वाली कठिनाईयों से उन्हे अवगत कराते हुये उसका समाधान बताया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला भाजपा के महामंत्री राजेन्द्र गोलछा ने स्वागत भाषण किया और जिले में सदस्यता अभियान को लेकर अब तक की गई तैयारियों से उपस्थित कार्यकर्ताओं को अवगत कराया व कहा कि जिले में भारतीय जनता पार्टी का संगठन गांव से लेकर बूथ स्तर तक अत्यंत मजबूत है, अतः हम सदस्यता अभियान के लक्ष्य को कार्यकर्ताओं के मेहनत व परिश्रम से पूरा कर लेंगे।

# रामाटोला स्कूल से 2 नग कम्प्यूटर सेट चोरी

डोंगरगढ़ (दावा)। शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामाटोला से 02 नग कम्प्यूटर सेट को अज्ञात चोर द्वारा चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी 53 वर्षीय खिलेश्वर प्रसाद साहू ने पुलिस में दर्ज की गई रिपोर्ट में बताया कि वह शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामाटोला में प्रभारी प्राचार्य के पद पर पदस्थ है। प्राचार्य ने बताया कि 27 अगस्त 2024 को लगभग 8.15 बजे स्कूल के सफाई कर्मी उत्तम कुमार देवांगन द्वारा मुझे मोबाइल से सूचना दिया कि कम्प्यूटर रूम का ताला टुटा हुआ है, जहां पर रखे 02 नग कम्प्यूटर सेट को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। चोरी की सूचना पर शाला समिति के अध्यक्ष केशव राम वर्मा, भागी देवांगन व स्कूल स्टाफ करण कुमार यदु, एन.डी.गोरी रामाटोला स्कूल पहुंचकर देखे तो अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्कूल चैनल गेट एवं कम्प्यूटर कक्ष का ताला तोड़कर चोरी कर ले गया है।

# शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर साढ़े 25 लाख रु. की धोखाधड़ी

डोंगरगढ़ (दावा)। शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर बुधवारी पारा निवासी सुमित पाल कुल 25,47,870 रू. की धोखाधड़ी का शिकार होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित सुमित पाल सिंह पिता बलवीर सिंह उम्र 31 साल ने पुलिस को बताया कि दिनांक 04/06/2024 से 15 जुलाई 2024 के मध्य मोबाईल नंबर के अज्ञात धारक द्वारा पैसे कमाने का लालच देकर शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर कुल 25,47,870 रू. का धोखाधड़ी करने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पत्र के अवलोकन पर अपराध धारा -318(4) बीएनएस अपराध का घटित होना पाये जाने से मोबाईल नंबर के अज्ञात धारक के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# नागपुर मंडल के 8 रेलवे स्टेशनों में ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन संचालन

## बेरोजगारों को मिलेगा रोजगार, यात्रियों को मिलेगी सुविधा

डोंगरगढ़ (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत वर्तमान में 11 रेलवे स्टेशनों पर एटीवीएम (ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन) सुविधा उपलब्ध है। ताकि यात्रियों को त्वरित टिकट प्राप्त करने में सुविधा हो साथ ही टिकट काउंटरों में लगने वाले कतारों से निजात मिल सकें। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा इस सेवाओं को विस्तार करते हुए अब 8 अन्य रेलवे स्टेशनों एटीवीएम संचालन हेतु फैसिलिटेटर की नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है।



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत आमगांव, तुमसररोड, बालाघाट, चांदाफोर्ट, डोंगरगढ़, गोंदिया, कामठी तथा तिरोडा इन 08 स्टेशनों पर एटीवीएम (ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन) हेतु फैसिलिटेटर की नियुक्ति सम्बन्धी आवेदन प्रपत्र दिनांक 30-08-2024 से 13-09-2024 तक सुबह 10.30 बजे से दोहपर 15.00 बजे के मध्य किसी भी कार्यालयीन दिन वाणिज्य विभाग से प्राप्त किया जा सकता है।

आवेदनकर्ता को लिफाफे में अपना पूरा नाम, पता, दूरभाष नंबर सहित जिस स्टेशन हेतु आवेदन किया जा रहा है। उस स्टेशन का नाम लिखना अनिवार्य है। आवेदन प्रपत्र में सम्पूर्ण शर्तें व प्रबंधन की जानकारी उल्लेखित है, अधिक जानकारी हेतु वाणिज्य विभाग से संपर्क भी किया जा सकता है।ज्ञात हो कि अब नई नियमावली के अनुसार बाहरी व्यक्तियों के लिए भी सेवानिवृत्त रेलकर्मियों की तरह ही नियुक्ति की जाएगी। ताकि इसमें आम लोग भी भाग ले सकें। हालांकि इसमें प्राथमिकता पहले सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को ही दी जाएगी, अगर सेवानिवृत्त रेल कर्मी इस टेंडर प्रक्रिया में भाग नहीं लेते है तो अन्य लोगों को मौका दिया जाएगा।

# लोहार पारा में श्री कृष्ण भक्ति की बही बयार

## बैंड बाजा के साथ निकाली विजर्सन यात्रा, तीन दिवसीय जन्मोत्सव का हुआ समापन

राजनांदगांव (दावा)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर शहर के लोहार पारा में दो दिनों तक श्री कृष्ण भक्ति की बयार रही है। दो दिनों तक भगवान श्री कृष्ण व राधारानी वह ग्वाल बाल वाली की आकर्षक प्रतिमाओं की पूजन कर आज बुधवार को मराठा मंडल द्वारा श्री कृष्ण प्रतिमाओं का आकर्षक ढंग से झांकी निकाली गई व बाजे-गाजे के साथ धूमधाम से शहर भ्रमण करते हुए इंदिरा सरोवर में विसर्जन किया गया।

इस दौरान मंडल के चंद्रभूषण गायधाने व प्रकाश समरीत ने बताया कि मराठा मंडल के गणेश बिसने, संजू गायधने, भागचंद हटवार, संजू हटवार नत्थू भाई, प्रदीप भाई, पूर्व पार्षद भोला मिश्रेकर, मोहन, मनोज मिश्रेकर, आदि सहित बड़ी संख्या में नर-नारियों की उपस्थिति रही।

### बैंड बाजा के साथ निकाली विजर्सन यात्रा, तीन दिवसीय जन्मोत्सव का हुआ समापन

बता दें कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शहर के लोहार पारा रोड में श्री कृष्ण भक्ति का जलवा बिखरा हुआ है। लोहार पारा के मराठा मंडल द्वारा घर-घर में भगवान श्री कृष्ण व राधा की सम्मोहक प्रतिमाएं विराजमान की गई। जहां नंदनंदन कान्हा बा की नित्य पूजा-अर्चना की जा रही थी इससे यहां का वातावरण धर्ममय बना हुआ था। आज वहां धूमधाम के साथ विसर्जन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी तरह



- धूमधाम से किया गया प्रतिमा विसर्जन
- जन्माष्टमी प्रसंग पर दही लूट व रामधुनि स्पर्धा की धूम
- जगह जगह दही लूट व रामधुनि कार्यक्रम आयोजित

### रामधुनि प्रतियोगिता

बता दें कि शहर के मठपारा रोड में वार्डवासियों द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर आयोजित राम धुनि प्रतियोगिता में कलाकारों ने श्री कृष्ण जन्म की झांकी के माध्यम से सोंहर गाकर लोगों का मनमोह लिया। वहीं विभिन्न पौराणिक प्रसंगों की देव झांकियां का प्रदर्शन नृत्य के माध्यम से कर लोगों का ध्यान आकर्षित कर उनमें भक्ति भावना का सृजन किया। वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि अरुण दामले ने बताया कि राम धुनि स्पर्धा में अंचल के बहुत से मंडलियों ने भाग लिया। जिनके लिए आकर्षक इनाम रखे गए थे। इसी तरह गौरीनगर में भी रामधुनि स्पर्धा की धूम रही। गौरीनगर वार्ड नं 2 में आयोजित दो दिवसीय रामधुनि स्पर्धा से वार्ड का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष हफीज खान और न्यू आदर्श महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस रामधुनि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी मंडलियों को 15-15 सौ रुपए नगद वह विजेता मंडली को 2 हजार रुपए नगद वह शील्ड भी दिया जाएगा। इस अवसर पर वार्ड पार्षद समद खान, हेम प्रताप सिंह, नरेश यादव, जिनेंद्र कुंजाम, हमीर चंद, यासीन शेख सहित बड़ी संख्या में वार्डवासियों की उपस्थिति बनी रही। इधर श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर गायत्री विद्यापीठ केशर नगर आडिटोरियम में भजन गायन कार्यक्रम आयोजित रहा।

भरकापारा व हमाल पारा के तराने मंडल द्वारा भगवान श्री कृष्ण की आकर्षक प्रतिमा विराजमान कर उसके पूजा अर्चना की जा रही है। इससे वार्ड का माहौल श्री कृष्ण भक्ति से बना हुआ है और यहां पूजा भक्ति सहित भजन कीर्तन की बहार बनी हुई है। बताया जाता है की कल 29 अगस्त को यहां तराने मंडल द्वारा धूमधाम के साथ भगवान श्री कृष्ण विसर्जन की झांकी निकाली जाएगी। इधर श्री कृष्ण जन्माष्टमी प्रसंग पर शहर सहित अंचल भर में दही लूट कार्यक्रम व रामधुनि स्पर्धा की धूम बनी हुई है। शहर के मठपारा रोड व गौरीनगर क्षेत्र में वार्ड वासियों द्वारा आयोजित राम धुनि स्पर्धा लोगों की खासी भीड़ रही वही गांव-देहातों में राम सप्ताह कार्यक्रम आयोजित होने से पूरा वातावरण श्री कृष्ण भक्ति से धर्ममय बना हुआ है। बता दें कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी प्रसंग पर शहर के महावीर चौक में 28 अगस्त बुधवार को गोविन्दा उत्सव समिति द्वारा दही लूट का भव्य आयोजन किया गया वही कमला कालेज रोड में भी भव्य रुप से दही लूट कार्यक्रम मेआयोजित रही। दही लूट देखने के लोगों लोगों की खासी भीड़ उमड़ी रही।

# जिम्मेदारियां निभाने में नाकाम महापौर ने पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई -किशनु यदु

## शहर और एमआईसी में विश्वास खो चुकी मेयर... अब इस्तीफा दें

राजनांदगांव (दावा)। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने बयान जारी कर कहा है कि, महापौर अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में नाकाम ही रहीं हैं. इसके अलावा उन्होंने अपने पद की गरिमा को भी ठेस पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। ऐसे में बेहतर होगा कि अब वें इस्तीफा दे दें। महापौर हेमा देशमुख और पार्षद राजेश गुप्ता चंपू के बीच उपजे विवाद को नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने महापौर के प्रति एमआईसी सदस्यों में रोष की परिणति बताया है। उन्होंने कहा, महापौर के निर्णयों में एमआईसी के सदस्य ही उनके साथ नहीं है।

नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि, निगम में सफाई ठेके को लेकर भी महापौर परिषद में विवाद उभरा था और स्वास्थ्य विभाग के चेयरमेन सहित एक अन्य ने इसकी खिलाफत की थी। इसके बाद से ही ये दोनों एमआईसी चेयरमेन परिषद के फैसलों से खुद को अलग रख रहे हैं। वे नस्तियों में न ही दस्तखत कर रहे हैं और न ही महापौर की कार्यशैली से संतुष्ट हैं। इसके बाद अब चंपू गुप्ता ने उनकी कार्यशैली को लेकर गंभीर आरोप लगाएं हैं। स्पष्ट है कि मेयर अपना स्वार्थ शहर पर थोप रहीं हैं। जिसके चलते उन्होंने एमआईसी का विश्वास गंवा दिया है।



यदु ने कहा कि, विधानसभा चुनाव और फिर लोकसभा चुनाव में जनता ने जिस तरह कांग्रेस को नकारा है उससे साबित होता है कि महापौर हेमा देशमुख अपनी और कांग्रेस की साख गिरा चुकी हैं। दूसरी ओर उनके ही साथी जिस तरह दूर हो रहे हैं और जो अंदरुनी बातें उभरकर सामने आ रहीं हैं उससे ये भी स्पष्ट हो गया है कि, वे निष्पक्ष जिम्मेदारियों के निर्वहन में चूक चुकी हैं। वार्डों के विकास की उपेक्षा का आरोप तो और भी गंभीर है जो कि चंपू गुप्ता ने उनपर लगाया है। इस तरह की संगीन शिकायतों के बाद शहर की जनता का हित देखते हुए उन्हें अपने पद से तत्काल त्याग पत्र दे देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि, महापौर हेमा देशमुख के कार्यकाल के पूरे पांच सालों में निगम की अंदरुनी खिंचतान, एमआईसी सदस्यों की सलाहों को दरकिनार कर अपने फैसले थोपने, पार्षदों की वार्डों से जुड़ी मांगों को पूरा न किए जाने, हर बात पर बे-फिजूल दंभ भरने की राजनीति ने शहर का बंटाधार कर दिया। पेयजल आपूर्ति, सड़क, नाला-नाली निर्माण सहित राजस्व बढ़ाने की दिशा में कोई काम महापौर हेमा देशमुख ने नहीं किया। अलबत्ता उनके कार्यकाल में आश्रय स्थलों को होटल में तबदील कर दिया गया, फूड पार्क को खंडहर बना दिया, कई उद्यानों से ओपन जिम के सामान गायब हो गए, गार्डन में शौचालय का निर्माण शुरु हो गया, फ्लाई ओवर के नीचे न पार्किंग की व्यवस्था बन पाई और न ही गुमटियां लगाकर स्ट्रीट वेंटरों को राहत दिलाई गई, निगम कर्मियों को समय पर वेतन नहीं मिल सका और न ही उनके हितों के लिए कोई कार्य किया गया। कुल मिलाकर महापौर का पूरा कार्यकाल नाकामियों और जनता के हितों से खिलवाड़ का उदाहरण बनकर रहा गया है।

किराये से देना है
कंचनबाग में सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला भवन आफिस के लिये किराये से देना है। 3 बेडरुम, किचन, 3 हाल अटैच लेटबाथ गार्डन सहित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। किराये से देना है।
-: संपर्क करें :-
मो. 8319936007

आवश्यकता है
रात्रिकालिन चौकीदार एवं हेल्पर की आवश्यकता है।
-: संपर्क करें :-
दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो. 9300414726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com